● जयपुर, मंगलवार, 2 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 304 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @4 ब्रह्मकुमारीज संस्थान वैशाली नगर जयपुर में आयोजित हुआ...
पेज @5 पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश मीणा...
पेज @8 » सहकारिता में है विकास की अकूत संभावनाएं: सहकारिता मंत्री...

न्यूज़ अपडेट

## नाबालिग आरोपी की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी पुणे पुलिस

**पुणे/एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे पोर्शे हादसा मामले में कार से कथित तौर पर 2 लोगों को टक्कर मारने वाले 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी की रिहाई के खिलाफ पुणे पुलिस अब सुप्रीम कोर्ट जाएगी।
रिपोर्ट के मुताबिक, पुणे पुलिस ने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ जाने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मंजूरी मांगी थी, जो उसे मिल गई है।बता दें कि नाबालिग आरोपी की रिहाई के बाद सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 25 जून को निर्देश दिया कि नाबालिग आरोपी को रिहा किया जाए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि किशोर न्याय बोर्ड द्वारा उसे सुधार गृह भेजने का आदेश अवैध है।उन्होंने किशोरों से संबंधित कानून का पूरी तरह से पालन करने को कहा था। कोर्ट के आदेश के बाद नाबालिग आरोपी को सुधार गृह से निकालकर मौसी के सुपुर्द किया गया।कोर्ट ने आदेश आरोपी की चाची की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया था।

## अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती दी

● दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली की शराब नीति मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की कार्रवाई को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है।केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है। साथ ही 26 जून के ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 3 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया था।मामले पर सुनवाई की तारीख अभी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अवकाशकालीन न्यायाधीश अमिताभ रावत ने 26 जून को मुख्यमंत्री को 3 के लिए सीबीआई हिरासत में भेजा था।

## दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर में बीच सड़क पर एक महिला की पिटाई का भयावह वीडियो सामने आने के बाद राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चाहे संदेशखाली हो, उत्तर दिनाजपुर हो या कई अन्य स्थान, दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए असुरक्षित है। भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल से एक भयावह वीडियो सामने आया है, जो उस क्रूरता की याद दिलाता है जो केवल धार्मिक नेताओं के शासन में मौजूद है। नड्डा ने टीएमसी नेताओं द्वारा इस कृत्य का बचाव करने की भी कड़ी आलोचना करते हुए कहा, मामले को बदतर बनाने के लिए, टीएमसी कैडर और विधायक इस कृत्य को उचित ठहरा रहे हैं। चाहे संदेशखाली हो, उत्तर दिनाजपुर हो या कई अन्य स्थान, दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए असुरक्षित है।

मॉब लिंचिंग के लिए भी प्रावधान

# लागू हुए तीन नए कानून, तीन साल के भीतर न्याय

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम सोमवार से देश में लागू हो गए। गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस बदलाव से एक ऐसी प्रणाली स्थापित होगी जिससे तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल सकेगा। तीनों कानून संसद ने पिछले साल शीतकालीन सत्र में पारित किए थे। नए कानून देश में ब्रिटिश राज से चले आ रहे इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह आए हैं।
नए कानून में बलात्कार के लिए धारा 375 और 376 की जगह धारा 63 होगी। सामूहिक बलात्कार की धारा 70 होगी। हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 होगी। लोकसभा ने इन तीनों विधेयकों को 20 दिसंबर और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को पारित किया था।
भारतीय न्याय संहिता, 2023 में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है। इसमें एक नया अपराध मॉब लिंचिंग का भी है। इसके अलावा 41 विभिन्न अपराधों में सजा बढ़ाई गई है, 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ा है, 25 अपराध ऐसे हैं जिनमें न्यूनतम सजा की शुरुआत की गई है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में स्वीकार किया गया है और 19 धाराओं को निरस्त किया गया है। इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत 170 धाराएं होंगी। कुल 24 धाराओं में बदलाव किया है। नई धाराएं और उपाधाराए जोड़ी गई हैं। सरकार का मानना है कि नए कानून लागू होने से न्याय जल्दी मिलेगा और तय समय के अंदर चार्जशीट फाइल हो सकेगी। साक्ष्य जुटाने के लिए 900 फॉरेंसिक वैन देशभर के 850 पुलिस थानों के साथ जोड़ी जा रही हैं। गरीबों के लिए न्याय महंगा नहीं होगा।
गृह मंत्रालय के मुताबिक नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में नौ नए सेक्शन और 39 नए सब सेक्शन जोड़े गए हैं। इसके अलावा 44 नई व्याख्याएं और स्पष्टीकरण जोड़े हैं और 14 धाराओं को निरस्त किया है।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये विधेयक संसद में रखे थे, जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया। पिछले साल 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा था कि विधेयक का उद्देश्य दंड देना नहीं है, इसका उद्देश्य न्याय देना है।



उन्होंने कहा था कि इन विधेयकों की आत्मा भारतीय है। व्यास, बृहस्पति, कात्यायन, चाणक्य, वात्स्यायन, देवनाथ ठाकुर, जयंत भट्ट, रघुनाथ शिरोमणि अनेक लोगों ने जो न्याय का सिद्धांत दिया है उसको इसमें उतारा गया है। सरकार का मानना है कि यह कानून स्वराज की ओर बड़ा कदम है। गृह मंत्री ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा था कि गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी, उन्होंने स्वराज की लड़ाई लड़ी थी।
ये कानून लागू होने से तारीख पर तारीख का जमाना चला जाएगा। तीन साल में किसी भी पीड़ित को न्याय मिल जाए ऐसी न्याय प्रणाली इस देश के अंदर प्रतिस्थापित होगी। उन्होंने कहा कि इस बिल में इतनी दूरदर्शिता रखी गई है कि आज मौजूद सारी तकनीक से लेकर आने वाले सौ वर्षों की तकनीक, सभी को सिर्फ नियमों में परिवर्तन करके

### गृह मंत्री अमित शाह ने बताए नए आपराधिक कानूनों के फायदे

## बोले-दंड नहीं न्याय मिलेगा

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

देश में आज से 3 नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इस संबंध में गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कानूनों के बारे में और विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक कानून का दौर अब खत्म हो गया है, देश में दंड की जगह न्याय मिलेगा और देरी की जगह त्वरित सुनवाई होगी।उन्होंने जनता को बधाई देते हुए कहा कि आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी





हो रही है। शाह ने कहा, तीनों नए कानून मध्य रात्रि से काम कर रहे हैं। भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता आ चुकी है। सबसे पहले हमने इसमें संविधान की आत्मा के तहत दफाओं और अध्यायों की प्राथमिकता तय की है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा

# माइक बंद करने के आरोप पर बिफरे स्पीकर बिरला

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चली खींचतान के बाद आखिरकार सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो गई।
इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी दल खासकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को उन पर राहुल गांधी का माइक बंद किए जाने के लगाए गए आरोपों पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि बाहर जाकर यह आरोप लगाया जाता है कि माइक बंद कर दिया जाता है। यह सही नहीं है। आसन पर सभी दल के सांसद बैठते हैं और सभी जानते हैं कि इस आसन से जिनका नाम बोलने के लिए पुकारा जाता है, उनका ही माइक ऑन होता है। स्पीकर की चेयर पर माइक बंद करने का कंट्रोल नहीं होता। इसलिए यह आक्षेप लगाना सही नहीं है।
हालांकि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा शुरू होने से पहले एक बार फिर राहुल गांधी ने स्पीकर बिरला की अनुमति मिलने के बाद खड़े होकर नीट पर अलग से एक दिन चर्चा कराने की मांग की।
राहुल गांधी ने कहा कि वे चाहते थे कि नीट पर एक दिन सदन में अलग से चर्चा हो, 2 करोड़ युवाओं का नुकसान हुआ है। पिछले 7 साल में 70 बार पेपर लीक हुए हैं। इस संसद से पूरे देश को एक संदेश जाता है, इसलिए हम देश के विद्यार्थियों को संसद से संदेश भेजना चाहते हैं कि नीट का मसला इस संसद के लिए जरूरी है। राहुल गांधी के जवाब में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पूरा सदन यह जानता है कि सदन की कार्यवाही नियमों और प्रक्रियाओं के आधार पर चलती है। नियमों और प्रक्रियाओं के अलावा संसद की कुछ परंपराएं भी हैं जिनके आधार पर सदन की कार्यवाही चलती है।



### सभी सांसद संविधान में दिए गए प्रारूप के अनुसार ही लें संसद सदस्यता की शपथः लोकसभा स्पीकर

**नई दिल्ली/एजेंसी।** संसद सदस्यता की शपथ लेते समय कई नवनिर्वाचित सांसदों द्वारा नारेबाजी और अलग-अलग शब्दों का प्रयोग करने के कारण हाल के दिनों में कई बार विवाद खड़ा हो गया था। इन विवादों को खत्म करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में यह व्यवस्था दे दी है कि सभी सांसद संविधान में दिए गए प्रारूप के अनुसार ही संसद सदस्यता की शपथ लें।
उन्होंने भविष्य में शपथ के दौरान सांसदों द्वारा कोई अतिरिक्त शब्दों या नारों का उल्लेख नहीं करने की हिदायत देते हुए इस संबंध में सभी दलों के सांसदों को शामिल कर, एक संसदीय समिति का भी गठन करने की जानकारी दी।

### राज्यसभा में खड़गे ने सरकार पर जमकर साधा निशाना, पेपर लीक समेत उठाये ये मुद्दे



**नईदिल्ली/एजेंसी।**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बीच सोमवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ. राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड×गे ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा पर चल रहे विवाद और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार को बीजेपी पर निशाना साधा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर बहस के दौरान राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान खड×गे ने कहा कि, पीएम मोदी ने भारत को शर्मिंदा किया. वे घमंडिया गठबंधन कहते थे, वे कहते थे कि मोदी है तो कुछ भी संभव है. लेकिन बीजेपी का अहंकार 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद टूट गया.
कांग्रेस अध्यक्ष खड×गे ने चुनावी रैलियों के दौरान पीएम मोदी के धन के पुनर्वितरण, मंगलसूत्र, आरक्षण और मुजरा समेत अन्य मुद्दों पर कांग्रेस के खिलाफ की गई टिप्पणियों को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा. उन्होंने पीएम मोदी की एक अकेला सब पे भारी टिप्पणी पर भी कटाक्ष किया और कहा, एक अकेले पर आज कितने लोग भारी हैं, चुनाव ने दिखा दिया कि देश का संविधान और जनता सब पर भारी है. चुनावों ने साबित कर दिया कि संविधान और जनता हर चीज पर भारी हैं.
कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि पेपर लीक से हजारों नीट अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं.

## पति-पत्नी ने अपने 3 बच्चों के साथ आत्महत्या की



**अलीराजपुर/एजेंसी।**

मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में परिवार के सामूहिक आत्महत्या का मामला सामने आया है। जिले के वालपुर क्षेत्र में पति-पत्नी ने अपने 3 बच्चों के साथ फंदे पर लटककर जान दी है।मृतकों की पहचान गुनेरी पंचायत के राउड़ी गांव में रहने वाले राकेश उनकी पत्नी ललिता, बेटी लक्ष्मी, बेटा प्रकाश और अक्षय के रूप में हुई है।सामूहिक आत्महत्या की खबर से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिवार के अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है।पुलिस का कहना है कि रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने बताया कि राकेश के परिवार ने कभी किसी समस्या का जिक्र नहीं किया। उन्होंने आत्महत्या क्यों की, इसको लेकर संशय है।पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल, हर कोण से जांच की जा रही है।
सामूहिक आत्महत्या का मामला आज से 5 साल पहले दिल्ली के बुराड़ी इलाके में सामने आया था। यहां 30 जून, 2018 को एक ही परिवार के 11 लोगों ने आत्महत्या की थी।परिवार के लोगों के शव एक ही कमरे में छत की जाल से लटके मिले थे। इसमें बुजुर्ग महिला और 3 बच्चे भी शामिल थे। आत्महत्या के मामले ने पुलिस समेत तमाम जांच एजेंसियों के कान खड़े कर दिए थे।बाद में मामला अंधभक्ति से जुड़ा निकला था।

## दिल्ली में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी, अगले 2 दिन भारी बारिश की संभावना

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में बारिश का क्रम शुरू हो गया है। यहां अलग-अलग इलाकों में अगले 7 दिन तक लगातार रुक-रुककर बारिश की संभावना जताई गई है। इस बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली में 2-3 जून को भारी बारिश की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी।बारिश के बाद से राष्ट्रीय राजधानी के तापमान में 4 से 5 डिग्री की गिरावट आई है।

चंद सेकंड में मचा देगा तबाही

# भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपब्धियां हासिल कर रहा है. इसके साथ ही भारत रक्षा उत्पादन में भी पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है. इस बीच भारत ने एक ऐसा विस्फोटक पदार्थ तैयार किया है जो ट्राइनाइट्रोटॉल्विन से दोगुना ज्यादा घातक है. जिसे सेबेक्स 2 नाम दिया गया है. जिसे दुनिया के सबसे ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक माना जा रहा है.
इस विस्फोटक के इस्तेमाल से बमों, आर्टिलरी शेल्स और वारहेड्स की क्षमता में कई गुना बढ़ा देगा. यही नहीं इस नए विस्फोटक का वजन भी काफी कम है. सेबेक्स-2 के फॉर्म्युलेशन को भारतीय नौसेना ने सोमवार को टेंस्टिग के बाद सर्टिफाई भी कर दिया है.
इस विस्फोटक की भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत टेंस्टिग की गई है. इस विस्फोटक के इस्तेमाल से वर्तमान हथियारों की क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी होगी. यही नहीं भारत द्वारा विकसित कि गए इस विस्फोट को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी. बता दें कि इस इस विस्फोटक को मेक इन इंडिया के तहत, इकॉनोमिक एक्सपलोसिव लिमिटेड ने विकसित किया है.
बता दें कि किसी विस्फोटक की क्षमता या उसकी ताकत को टीएनटी से तुलना कर आंकी जाती है. टीएनटी का मतलब ट्राइनाइट्रोटॉल्विन है जो दुनिया का सबसे लोकप्रिय और ताकतवर विस्फोटक है. एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल के बराबर होती है. एक मीट्रिक टन यानी एक हजार किलोग्राम टीएनटी के धमाके से जितनी ऊर्जा निकलती है उसे टीएनटी समतुल्य यानी टीएनटी के बराबर माना जाता है. जो जितना टीएमटी समतुल्य होगा वह विस्फोटक उतना ही ज्यादा घातक होगा.
बता दें कि भारत का तब तक का सबसे घाटक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया जाने वाला है. जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है. फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है. सेबेक्स-2 की टीएनटी तुल्यता 2.01 है. जो अब तक का सबसे घातक गैर-परंपरागत विस्फोटक माना जा रहा है.



# देश की न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा एक जुलाई का दिन

एक जुलाई की तारीख भारतीय लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात को सांसदों के समक्ष रखा। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू हो सका है।

पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023– पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेज़ी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त को देश के सामने रखे गए पांच प्रण में से एक प्रण यह भी था कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। आज के ये तीनों विधेयक एक प्रकार से मोदी जी के इस एक प्रण की अनुपालना करने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आजादी से पहले के बनाए गए कानून को निरस्त करके उसे नए सुधारों के साथ देश में लागू करने का मन बनाया।

भारतीय न्याय संहिता विधेयक–2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक–2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार–विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। हमारे भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है। कई लोग सवाल उठाते हैं कि जब देश में कानून है, तो इन नए कानून की जरूरत क्या है? ऐसे लोगों को जवाब देते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि ऐसे लोगों को 'स्वराज' का मतलब ही मालूम नहीं है। 'स्वराज' का मतलब 'स्वशासन' से नहीं होता है। 'स्व' शब्द सिर्फ 'शासन' से जुड़ा हुआ नहीं है। 'स्वराज' मतलब – 'स्वधर्म' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है, 'स्वभाषा' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है, 'स्वसंस्कृति' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है और 'स्वशासन' को जो प्रस्थापित करे, वह 'स्वराज' है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी थी। गांधी जी ने 'स्वराज' की लड़ाई लड़ी थी और आज तक आप 75 सालों में से करीब–करीब 60 साल तक सत्ता में बैठे, लेकिन 'स्व' को जागृत करने का काम नहीं किया। 2014 से श्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश की महान आत्मा को, 'स्व' को जागृत करने का काम किया है और वही आज भारत के उत्थान का कारण बना है।

इससे पहले 11 अगस्त,2023 को लोकसभा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किए था। श्री अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चो का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सज़ा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं। एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिंग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। अमित शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेज़ी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे जिससे हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।


15 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि हमारे जैसे विकासशील देश में एक स्वस्थ समाज के लिए और आत्मविश्वास से भरे समाज के लिए एक भरोसेमंद और त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। हर समाज में न्याय व्यवस्था और विभिन्न प्रक्रियाएं व परंपराएं समय अवधि की जरूरतों के अनुसार विकसित हो रही हैं। जब न्याय मिलता दिखाई देता है, तो संवैधानिक संस्थाओं के प्रति देशवासियों का भरोसा मजबूत होता है और जब न्याय मिलता है, तो आम आदमी का भरोसा बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि न्याय देने में देरी सबसे बड़ी चुनौती है और न्यायपालिका इस दिशा में पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। वैकल्पिक विवाद समाधान के तंत्र पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि यह लंबे समय से भारत के गांवों में बेहतर रूप में उपयोग में लाया गया है और अब इसे राज्य स्तर पर प्रचारित किया जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि इसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर न्यायिक व्यवस्था का हिस्सा कैसे बनाया जाए। भारत के आपराधिक कानूनों में इन नए संशोधनों का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, और आधुनिक बनाना है। ये सुधार न्यायिक प्रक्रिया को तेज और अधिक न्यायसंगत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नए आपराधिक कानूनों के तहत, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इन सुधारों का उद्देश्य समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों को कम करना है।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिंताजनक



ललित गर्ग

भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।
लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।
भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी–रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व



स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।
निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन–मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं–न–कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ–व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस–पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे–धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि–क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर–परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी–फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं।
ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने–चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रातः भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है।
इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिये हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी–मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी–कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके व नए अनुभव के रूप में देखना होगा। अक्सर जब कुछ नया करने के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो पुरानी आदतें एवं आराम की मानसिकता तुरंत परीक्षा लेने आ जाती हैं। हमें ललचाती हैं या फिर खुद को थोड़ा ढील देने के लिए कहती हैं। मन भी खुद को बड़ी आसानी से समझाने लगता है कि कुछ देर और सो जाने, और मीठा खा लेने, फोन पर बात करने या काम को कल पर टालने से कुछ गड़बड ़नहीं होगा। कुल मिलाकर हम मन के बहकावे में आने लगते हैं और खुद को छूट देने लगते हैं जो हमें सुस्त, आलसी एवं निस्तेज बनाता है।
विचित्र स्थिति यह भी है कि लोगों में व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई, जीवन व्यस्त से ज्यादा अस्त–व्यस्त हुआ है। जरूरी कामों को छोड़कर तमाम लोग रोजाना पांच से सात घंटे या इससे भी ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों, सोशल मीडिया एवं अन्य आभासी मंचों पर समय बर्बाद करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान वर्क फरोम हॉम का प्रचलन बढ़ा, उसने भी लोगों को ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई है। देर राज तक जगना एवं सुबह देर तक सोना, इस तरह बिगड़ती दिनचर्या एवं शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। ताजा अध्ययन में पता चला कि 195 देशों में भारत अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता के मामले में 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, लैंसेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर एक तिहाई वयस्क लगभग 1.8 बिलियन लोग 2022 में अनुशंसित शारीरिक सक्रियता को पूरा करने में विफल रहे। जिसके कारण मधुमेह एवं हृदय रोग का खतरा मंडरा रहा है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय बनी हुई है। क्योंकि वे पुरुषों की तुलना में 14–20 फीसदी से अधिक पीछे हैं। अध्ययन के अनुसार, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में महिलाएं अधिक सक्रिय हैं। भारत में बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, आलसीपन एवं सुस्ती को दूर करने के लिये समग्र जन–चेतना को जगाना होगा।
सरकार को भी शारीरिक श्रम की योजनाओं को बल देना होगा। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार, कर्म, शरीर से कमजोर ही नहीं बल्कि बीमार बनायेगा, जो आजादी के अमृतकाल को धुंधलाने का बड़ा कारण बन सकता है।

# मोदी का देश की जनता से विशेष आह्वान



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की समृद्ध भाषा 'संस्कृत' को सम्मान देने और दैनिक जीवन में अपनाने का आ''ान करते हुए आज जो कहा है वह प्रत्येक भारतवासी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। वास्तव में इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसीलिए ही उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, "मम प्रियाः देशवासिनः अद्य अहं किञ्चित चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं।" वस्तुतः इस भाषा की यह विशेषता ही है कि उसके बूते भारत वास्तवित अर्थों में भारत हो सका है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां यही समझाते दिखाई दे रहे हैं , "साथियों, संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। आज के समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें। आजकल ऐसा ही एक प्रयास बेंगलुरू में कई और लोग कर रहे हैं। बेंगलुरू में एक पार्क है– कब्बन पार्क ! इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। इतना ही नहीं, यहाँ वाद– विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। इनकी इस पहल का नाम है झ संस्कृत सप्ताहांत! इसकी शुरुआत एक वेबसाइट के जरिए समष्टि गुब्बी जी ने की है। कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ ये प्रयास बेंगलुरूवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।" यह सच भी है और इसे हमें खुले मन से स्वीकारना भी चाहिए ।
वास्तव में भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर आज पूरी दुनिया में है, तो उनमें से एक संस्कृत भाषा भी है। जिसे हम देव भाषा भी कहते हैं। इसके आंचल से ही हिन्दी, पाली, प्राकृत आदि कई भाषाएं विकसित



हुई हैं, यह भाषा संस्कृति की तरह व्यापक है ।संस्कृत भाषा हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में संचार का पारंपरिक साधन रही है। संस्कृत साहित्य को प्राचीन कविता, नाटक और विज्ञान के साथ–साथ धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में इस्तेमाल होने वाले विशेषाधिकार भी प्राप्त है। हम देखते भी हैं कि इतिहासकार अलब–ए–रूनी ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर खूब चार्चा की है।
इतिहासकार विल डूरान्ट लिखते हैं, "भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। इस प्रकार संस्कृत भाषा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। संस्कृत कंप्यूटर की कोडिंग के लिए सबसे उपयुक्त भाषा है। भारत की अधिकांश साहित्यिक रचनाएं, ग्रंथ, उपनिषद, संस्कृति, इतिहास और परम्परा से संबन्धित बाते संस्कृत में लिखी गई हैं। इन ग्रंथों का अनुवाद कई भाषाओं में हुआ है मगर इसकी मौलिकता और जीवंतता संस्कृत भाषा में ही नीहित है। कालिदास की अद्भुत साहित्यिक कृतियां मेघदूतम, कुमारसंभव, बाणभट्ट की कादंबरी, पतंजलि के योग सूत्र, आध्यात्मिक ग्रंथ जैसे भगवद गीता, वेद, उपनिशद और बेशक दुनिया के महानतम महाकाव्य महाभारत और रामायण सभी मूल रूप से संस्कृत में लिखे गए ।"
प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखक विलियम कुक टेलर के ये शब्द हैं, "इस भाषा की महारत हासिल करना लगभग जीवनभर का श्रम है, इसका साहित्य अंतहीन लगता है' जर्मनी जैसे कई देशों में इस विषय को लेगर गहन विचार मंथन हो रहा है। भाषाविद आज भी इसके शोध में लगे हैं।" महर्षि श्री अरबिंदों के शब्दों में "अगर मुझसे पूछा जाए कि भारत के पास सबसे बड़ा खजाना क्या है और उसकी सबसे बड़ी विरासत क्या है, तो मैं बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब दूंगा कि यह संस्कृत भाषा और साहित्य है और इसमें वह सब कुछ है। यह एक शानदार विरासत है, और जब तक यह हमारे लोगों के जीवन को प्रभावित करती है, तब तक भारत की मूल प्रतिभा बनी रहेगी।"
स्वामी विवेकानंद के अनुसार "भाषा ही उन्नत्ति का प्रतीक है। संस्कृत ही वह एक मात्र पवित्र भाषा है जिसके अंतस से अन्य भाषाओं का आविर्भाव हुआ है। भाषा शास्त्र में संस्कृत भाषा को एक सार्वभौमिक भाषा तथा सभी यूरोपीय भाषाओं की नींव के रूप में स्वीकार किया गया है।"इस प्रकार संस्कृत का ज्ञान प्राचीन भारत में सामाजिक वर्ग और शैक्षिक उपलब्धि का प्रतीक था। प्रारंभिक संस्कृत शब्दावली, ध्वन्यात्मकता, व्याकरण और वाक्य–विन्यास में काफी समृद्ध है, जो आज भी उसी रूप में विद्यमान है। इसमें कुल 52 अक्षर, 16 स्वर और 36 व्यंजन हैं। इन 52 अक्षरों को कभी भी संशोधित या परिवर्तित नहीं किया गया है और माना जाता है कि यह शुरुआत से ही स्थिर रहे हैं, इस प्रकार यह शब्द निर्माण और उच्चारण के लिए सबसे उत्तम भाषा है। वर्तमान समय में दुनियाभर में संस्कृत के प्रति बहुत रुचि जगी है। नासा के वैज्ञानिक रिक ब्रिग्स ने बहुत पहले ही (1985) में अपने पेपर नॉलेज रिप्रेजेनटेशन इन संस्कृत ऐंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में चर्चा की थी कि संस्कृत कंप्यूटर में उपयोग के लिए सबसे अच्छी भाषा है। उनके अनुसार संस्कृत वह प्राकृतिक भाषा है, जिसमें कम्प्यूटर द्वारा कम से कम शब्दों में संदेश भेजे जा सकते हैं। निश्चित ही कहना होगा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति को समृद्ध बनाए रखने में इस भाषा का योगदान अतुलनीय है। यह जितनी प्राचीन है उतनी आधुनिक और वैज्ञानिक भी। संस्कृत भाषा के सार्वभौमिक स्वरूप एवं व्यापकता के कारण वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसका महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के आम जनमानस से जो अपेक्षा संस्कृत को जानने, सीखने और समझने के संदर्भ में कर रहे हैं, उसे लेकर यही कहना होगा कि देश के प्रत्येक नागरिक को उनकी कही इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए और संस्कृत को जानकर अपने प्राचीन ज्ञान को भी जानने का प्रयत्न करना चाहिए।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# प्लास्टिक खाकर और पीकर जानलेवा बीमारियों से जल्द मर रहे लोग



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

पृथ्वी पर मानव ने अपनी सुविधा के लिए नवनवीन आविष्कार किये, परंतु जरूरत से ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हुआ, आज अपने सुख के लिए मानव प्रकृति के साथ खिलवाड़ करके पृथ्वी को नष्ट करने पर तुला है, जबकि पृथ्वी पर मानव अस्तित्व के साथ ही सम्पूर्ण जीवसृष्टि के लिए भी धोखा निर्माण हो गया है, तेजी से बदलता जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित कारणों का नतीजा है। अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान "हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट" की रिपोर्ट ने बताया कि 2021 में 81 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुई, भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौत के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है, मौतों का यह आंकडा बहुत ही ज्यादा है। वायु प्रदूषण के साथ ही जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ई–कचरा, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट, घातक रसायनों का प्रयोग, लाखों लोगों को हर साल घातक बीमारियों से जकड़कर असमायिक मौत दे रहे हैं। प्रदुषण से पशु–पक्षी, वन्यजीव, समुद्रजीव तेजी से ख़त्म हो रहे हैं। पृथ्वी पर प्लास्टिक प्रदूषण इस तरह से बढ़ा है कि अगर आज पूरे विश्व में प्लास्टिक बंदी हो जाए तो भी हजार साल उसका अस्तित्व वातावरण में नजर आयेगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि आज के वर्तमान युग में हम रोज प्लास्टिक खा रहे हैं, पी रहे हैं और प्लास्टिक मिश्रित ऑक्सीजन ले रहे हैं। वैश्विक स्तर पर, हर साल प्रति व्यक्ति संभावित रूप से 11,845 से 193,200 माइक्रोप्लास्टिक्स ग्रहण करता है, जो 7.7 ग्राम से 287 ग्राम प्रति व्यक्ति के बीच होता है, इसका सबसे बड़ा जरिया हमारा पीने का पानी है।
क्रिश्चियन चैरिटी समूह टियरफ़ंड द्वारा किए गए शोध से पता चला है कि विकासशील देशों में हर 30 सेकंड में एक मौत के लिए प्लास्टिक कचरा जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हर साल चार लाख से दस लाख लोग कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे के संपर्क में रहने के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारियों से मरते हैं। प्लास्टिक कचरे से हर साल 100 मिलियन समुद्री जीव मरते हैं, हर साल 100,000 समुद्री जीव प्लास्टिक में उलझने से जान गवांते है। गर्म खाद्य पदार्थो के लिए प्लास्टिक का प्रयोग जहर जैसा है क्योंकि जैसे ही प्लास्टिक का गर्म खाद्यपदार्थो से संपर्क होता है, तो प्लास्टिक अपने जहरीले रसायनों को छोड़ता है, जो खाद्यपदार्थो में मिलता है और उस खाद्य पदार्थो को खाकर इंसान जानलेवा बीमारियों का शिकार होता है, इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण के द्वारा मौतों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्लास्टिक में मौजूद जहरीले रसायन मानव शरीर में हार्मोन गतिविधि को बदल सकते हैं, प्लास्टिक में मौजूद विघटनकारी रसायन बांझपन, मोटापा, मधुमेह, प्रोस्टेट या स्तन कैंसर, थायरॉयड समस्याओं, हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाते हैं। प्लास्टिक की थैलियों को फोटोडिग्रेड होने में लगभग 300 साल और कुछ प्लास्टिक को हजार साल तक लग जाते हैं। वे छोटे–छोटे जहरीले कणों में टूट जाते हैं जो मिट्टी और जलमार्गो को प्रदूषित करते हैं और जब जानवर, पशुपक्षी या समुद्रीजीव गलती से ये प्लास्टिक खा लेते हैं, तो वे खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाते हैं। प्लास्टिक को जलाने से उन्हें खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि जलाने पर वे वायुमंडल में जहरीली गैसें छोड़ते हैं जो वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं।
हर साल ३ जुलाई को दुनियाभर में जनजागृति के लिए "अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस" मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम "व्यक्तियों, व्यवसायों और संगठनों को प्लास्टिक के अन्य स्थायी विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें" यह है, प्लास्टिक के उपयोग और अपशिष्ट को कम करने के लिए नीतिगत परिवर्तनों और प्रणालीगत समाधानों पर जोर दें। प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बने होते हैं, प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते हैं, प्लास्टिक उत्पादन के दौरान जहरीले रसायन निकलते हैं। साल 2050 तक महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक कचरा अधिक होगा। हर साल दुनिया भर में करीब 500 बिलियन प्लास्टिक बैग इस्तेमाल किए जाते हैं, यह बहुत ज़्यादा बैग हैं। दुनिया भर में हर सेकंड 160,000 प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है, जिनका जीवनकाल लगभग 12 से 25 मिनट है। दुनिया भर में हर मिनट लगभग दस लाख प्लास्टिक पेय की बोतलें बेची जाती हैं, प्यू चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्ययन 2022 अनुसार, हर साल 11 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक समुद्र में प्रवेश करता है, जो पानी में मिलकर खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। ईए की रिपोर्ट के अनुसार, भारत एमडब्ल्यूआई में चौथे स्थान पर है, जहां 98.55 प्रतिशत उत्पन्न कचरे का कुप्रबंधन किया जाता है। भारत में प्लास्टिक कचरे का उत्पादन पिछले पांच वर्षो में चार गुना हो गया है। सरकार का कहना है कि देश का 60% प्लास्टिक कचरा रिसाइकिल किया जाता है, जबकि सीपीसीबी डेटा पर आधारित सीएसई डेटा के मुताबिक, भारत अपने प्लास्टिक कचरे का केवल 12% ही रिसाइकल कर पाता है। भारत देश में एकल उपयोग प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबंध है, बहुत बार प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड एवं महानगर पालिका या नगर निगम द्वारा दुकानों, कारखानों पर छापा मारकर प्लास्टिक थैलियों का अवैध माल जप्त किया जाता है। परंतु हम सभी जानते है कि पाबंदी के बावजूद बड़ी मात्रा में प्लास्टिक थैलियों का अवैध व्यापार और उपयोग धड़ल्ले से जारी है। दुकानदार के मना करने के बावजूद ग्राहक भी प्लास्टिक थैलियों की मांग करते है, ऐसे लोगों की बेवकूफी का खामियाजा अन्य लोगों और पर्यावरण को भुगतना पड़ता है, जिससे मासूमों जीवों की जान भी चली जाती है। बहुत बार हमें रास्ते, दुकान, स्ट्रीट वेंडर्स किराना दुकान, होटल, सब्जी भाजी फल वाले, खाद्यपदार्थ विक्रेता, छोटे–मोटे दुकानदार की तरफ बैन प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल नजर आता है। थैलियां इस्तेमाल हो रही है मतलब, ऐसी अवैध प्लास्टिक थैलियों का उत्पाद शुरू है।
पृथ्वी पर मानव अस्तित्व और जीवसृष्टी को बचाना है तो, प्लास्टिक का इस्तेमाल तुरंत बंद करना होगा, प्लास्टिक के अन्य पर्याय का अनुकरण करके पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। लोग प्लास्टिक का अधिक उपयोग करने के आदी हो गये हैं। आलस और स्वार्थवृत्ति छोड़कर कपड़े या कागज की थैलियों का उपयोग करें, पैसे से ज्यादा प्रकृति को प्राधान्य दें। कानून और सरकारी नीति नियमों का पालन करें। कचरा निर्मित न हो या कम हो इसका ध्यान रखें। हर वस्तु के पुनर्चक्रण के बारे में सोचें। प्लास्टिक पैक खाद्य उत्पादों को खरीदने से बचें। एकल उपयोग वाले डिस्पोजेबल प्लास्टिक मना करें। बाहर प्लास्टिक पानी की बोतल खरीदने के बजाय घर से स्टील की बोतल लेकर निकलें। आज से 20–25 साल पहले जब खाद्य पैकेज का ट्रेंड नहीं था, किराना दुकान में खाद्य तेल खरीदने के लिए घर से केतली बर्तन लेकर जाते थे क्योंकि तब तेल के पैकेट नहीं आते थे, किराना सामान समाचार पत्रों की रद्दी के कागज में बांधकर देते थे क्योंकि तब प्लास्टिक की थैलियों नहीं मिलती थी। दूध कांच की बोतल में या घर के किसी बर्तन में लेकर आते थे।
एक बात हमेशा याद रखो कि ढूंढने से सौ बहाने मिलेंगे लेकिन मेहनत से हर बात संभव होती है। 2008 में, छोटा सा गरीब देश रवांडा दुनिया के उन पहले देशों में से एक बन गया, जिसने सिंगल–यूज प्लास्टिक बैग और बोतलों पर प्रतिबंध लगा दिया, इस देश में प्लास्टिक की वस्तु के साथ पकड़े जाने पर छह महीने जेल की सजा है। सिक्किम, जो 1998 में डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला भारतीय राज्य बना, 2016 में, सिक्किम ने दो बड़े फैसले लिए, इसने सरकारी कार्यालयों और सरकारी कार्यक्रमों में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। केरल के कन्नूर में 25 लाख से ज़्यादा लोगों ने प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद कर दिया, ताकि यह दक्षिण भारत का पहला प्लास्टिक–मुक्त ज़िला बन सके। एक साल के भीतर, कन्नूर जिले में 40 लाख प्लास्टिक कैरी बैग कम हो गए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के दूरदराज के गांव सादिवाड़ा में, ग्राम पंचायत के मुखिया ने पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक–मुक्त कहलाने वाला पहला गांव बनाने की एक अनूठी पहल शुरू की। असम के एक मॉडल स्कूल में छात्रों को स्कूल फीस के तौर पर हर सप्ताह 25 प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र करके लाना होता है, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहें। मेघालय के मावलिननॉन्ग गांव के पास स्थित दावकी झील को 2003 में एशिया का सबसे स्वच्छ गांव घोषित किया गया था। स्वच्छता के प्रति बेहद जागरूक ग्रामीणों ने प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनवरी 2020 में केरल के कुमारकोम पहला प्लास्टिक–मुक्त पर्यटन स्थल बन गया। प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने के लिए पहल हम सबको मिलकर करनी होगी ताकि आनेवाली पीढ़ी के लिए यह जीवसृष्टि स्वच्छ हरीभरी बनी रहें।

## एक नजर

### ईनोवा कार से 2 क्विंटल 28 किलो अवैध डोडा चुरा जब्त, एक आरोपी गिरफतार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/ चित्तौड़गढ़ (खलील कुरैशी)।** सदर थाना पुलिस ने शनिवार को हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक ईनोवा कार से 228 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जब्त कर आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ़ मन्नू पुत्र बलबीर सिंह (34) निवासी थाना भगता पाई जिला भटिंडा पंजाब को गिरफ़्तार किया हैं। पुलिस ने गाड़ी को स्टॉपस्टिक व बेरियर की मदद से रोका पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ के लिए एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह व सीओ तेजकुमार पाठक के निर्देशन, थानाधिकारी सदर गजेन्द्र सिंह के सुपरविजन एवं हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार को हाईवे पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौराने कोटा नीमच की तरफ से ईनोवा कार लेकर आ रहे चालक रुकने का ईशारा करने पर भागने लगा, गाड़ी को स्टोपस्टीक एवं बैरीयर लगाकर रोका गया। कार की तलाशी में प्लास्टिक के 15 कट्टो से कुल 02 क्विंटल 28 किलो अवैध अफीम डोड़ा चुरा मिला। अवैध मादक पदार्थ मय कार जप्त कर पुलिस ने आरोपी चालक मनप्रित सिंह उर्फ मन्नु को एनडीपीएस एक्ट में गिरफतार कर लिया। आरोपी से जप्त डोडा चुरा के सम्बंध में पुछताछ जारी हैं। इस कार्रवाई में कांस्टेबल हेमव्रत सिंह व भजन लाल की विशेष भूमिका रही।

**444 किलो डोडा चूरा तस्करी के मामले में 3 साल से फरार वांछित आरोपी दस्तयाब**

जिले की कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने साइबर सेल की मदद से 444 किलो डोडा चूरा तस्करी के मामले में नारकोटिक्स विभाग नीमच में 3 साल वांछित आरोपी समर्थ धाकड़ पुत्र सत्यनारायण निवासी बांगेड़ा घाटा थाना कनेरा को डिटेन कर सीबीएन नीमच को सौंप दिया है।कुछ समय पहले कोतवाली पुलिस व साइबर सेल द्वारा कार चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की कार बांगेड़ा घाटा थाना कनेरा में बेचना बताया था। जिस पर बांगेड़ा घाटा से दो व्यक्तियों राजू धाकड़ व समर्थ धाकड़ को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ में आरोपी समर्थ के नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच में 3 साल से वांछित होना सामने आया था।

### ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** रविवार को भगत सिंह चौराहा जवाहर नगर भरतपुर में ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह का रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता कौशलेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष ब्राह्मण समाज मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज मोहनलाल शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा, राजस्थान प्रदेश मंत्री , महावीर प्रसाद खोखर, प्रदेश महिला अध्यक्ष बबीता शर्मा, डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, महिला अध्यक्ष पूनम शर्मा उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सभी अतिथियों का सम्मान किया एवं अतिथियों ने समाज हित में अपने विचार रखे ईडब्ल्यूएस को 14% करने की मांग की सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर विचार किया। इस अवसर पर जुड़े कराटे सहीत करीब 11 बच्चों को भगवान परशुराम जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही रक्तदान महादान में जिला अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा सहित कई जिनमें जिला उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शर्मा ,देवेंद्र उपाध्याय अरावली, भरत शर्मा सिकरौदा, दिगंबर रूपवास, आदि ने किया इस अवसर पर रक्तदान करने वालों का सम्मानित व प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। साथ ही समाज द्वारा बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में भगवान परशुराम शोभायात्रा में उत्कृष्ट करने वालों को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक लोकेंद्र सारस्वत व उनके पिताजी रेलवे के रिटायरमेंट देव स्वरूप शर्मा का सम्मान किया गया। समाज में सभी ने अपने विचार रखे इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष रूपवास बृजमोहन शर्मा, तहसील अध्यक्ष सुरेश लवानिया ,योगेश शर्मा उज्जैन, छैल बिहारी तिवारी, दाहिना देवी, प्रसाद शर्मा, देवकीनंदन शर्मा बरामदी तहसील अध्यक्ष वैर शहर शशिकांत शर्मा ,विष्णु दत्त शर्मा गोठरा वाले वैर ,पीयूष शर्मा ,देवेंद्र शर्मा ,राजेंद्र दंडोतिया ,पुरुषोत्तमशर्मा ,फतेहपुर शिशुपाल शर्मा ,आकाश शर्मा नेमीचंद शर्मा, देव स्वरूप शर्मा सहित सैकड़ो ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित रहे। समाज हित में सभी ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट ने किया आयोजन डॉक्टर लोकेश सारस्वत बाद समस्त ब्राह्मण समाज भरतपुर भवदीय शहर अध्यक्ष भरतपुर दुलीचंद शर्मा।

### नौनिहालों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने रविवार को जिला अस्पताल की एमसीएच विंग में नवजात बच्चों को पोलियो की दवा पिला कर जिला स्तरीय स्तरीय शुभारंभ किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने भी नौनिहालों को पोलियो रोधी दवा पिलाई।

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 15 जुलाई को

**चमकता राजस्थान, भरतपुर (निसं)।** भरतपुर सेलजा वेलफेयर सोसायटी द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भड़रिया नौमी को श्री जसवंत प्रदर्शनी मेला ग्राउंड हीरादास भरतपुर में किया जाएगा। जिसकी तैयारियों के लिए सोसायटी द्वारा नवविवाहित जोड़ों को सोने के आभूषण, कपड़े और हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाईकिल का वितरण किया गया । जिसमें किसान सेना राजस्थान के पदाधिकारी संध्या गर्ग, रूपा सिंह, डॉ. राजेश मुंद्रा, एडवोकेट बनयसिंह तेहरा, हरेंद्र सोगर, प्रेम सिंह, आदि लोग मौजूद रहे । और सर्वसमाज के सभी उपस्थित लोगों से भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए, सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की शपथ दिलाई।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

# किसानों को सशक्त, समृद्व एवं उन्नतशील बनाने के लिये प्रदेश सरकार सदैव समर्पित : मुख्यमंत्री





**जिले के एक लाख 45 हजार से अधिक काश्तकारों के खाते में 14 करोड़ रुपए से अधिक राशि प्रत्यक्ष हस्तांतरित,आज का दिन किसानों के लिए बड़ा व स्वर्णिम : प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम**

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के किसानों के लिये मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ रविवार को टोंक जिले के कृषि उपज मण्डी प्रांगण से राज्य स्तरीय समारोह के दौरान किया। इस दौरान प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का हस्तान्तरण सीधा किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया गया। माननीय मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि किसानों को सशक्त, समृद्व एवं उन्नतशील बनाने के लिये प्रदेश सरकार सदैव समर्पित है। राज्य सरकार समृद्ध किसान, खुशहाल राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरुप प्रदेश का किसान अब सम्मान के साथ कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरी कर पायेगा। जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग धौलपुर के द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में राज्य मंत्री गृह, गौ पालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग और जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम मौजूद रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री बेढम ने कहा कि आज का दिन के किसानों के लिए बड़ा व स्वर्णिम है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले 6 हजार रुपए वार्षिक देकर संबल प्रदान किया वहीं डबल इंजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार अतिरिक्त दो हजार की राशि का सहयोग कर मजबूती प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये किसानों को प्रतिवर्ष 2 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि मुख्यमंत्री पात्र किसानों से वर्चुअल माध्यम से जुडे साथ ही पात्र किसानों के खातों में एक हजार रूपए की पहली किस्त का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रथम किस्त के रूप में एक हजार रुपये हस्तांतरित किये गए तथा दूसरी व तीसरी किश्त के रूप में 500-500 रुपये उनके खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त के साथ हस्तांतरित किये जायेंगे! सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सतेंद्र सिंह मीना ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत धौलपुर जिले के 1 लाख 45 हजार 447 पात्र लाभार्थी किसानों को इसका फायदा मिला है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रथम किस्त के रूप में जिले के काश्तकारों के खातों में 14 करोड़ 54 लाख 47 हजार रुपये की राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। 6 हजार की जगह किसानों को मिलेंगे अब 8 हजार सहकारिता विभाग के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसान परिवारों को प्रतिवर्ष देय राशि 6 हजार रुपये के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 2 हजार रुपये देने की बजट घोषणा 2024-25 में की गई थी, जिसके तहत रविवार को पात्र किसानों को प्रथम किस्त के रूप में एक-एक हजार रुपये का लाभ हस्तांतरण किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान में पात्र किसान को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 2 हजार रूपये की अतिरिक्त सहायता से पीएम किसान योजना में 6 हजार के स्थान पर 8 हजार प्रतिवर्ष मिलेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, नीरजा शर्मा, गिर्राज सिंह मलिंगा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, जिला स्तरीय अधिकारीगण गणमान्यों सहित बहुसंख्यक किसान उपस्थित रहे।

### अवैध वसूली को लेकर भुसावर गेट चौराहे के नाके पर गरमाया माहौल



चमकता राजस्थान

**वैर (राजवीर सिंह)।** कस्बा वैर के भुसावर गेट चौराहे पर नगर पालिका प्रवेश कर नाका कर्मचारियों के साथ 2 दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर रविवार को माहौल तनाव पूर्ण हो गया। पुलिस द्वारा नाका कर्मचारियों द्वारा दी गई रिपोर्ट का मामला दर्ज कर लिया जबकि दूसरे पक्ष का मामला दर्ज नहीं किया। रविवार को ।जब नाके के लोग अन्य लोगों के साथ लाठी डंडा लेकर चौराहे पर पहुंच गए। भुसावर गेट चौराहे पर तनाव का माहौल पैदा हो जाने की सूचना मिलने पर वैर, भुसावर, हलेना पुलिस सहित एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने समझाइश कर माहौल को शांत कराया। स्थानीय लोगों ने नाके के कर्मचारियों द्वारा मामला दर्ज करने व स्थानीय लोगों को रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप भी लगाया। भुसावर गेट चौराहे पर नगर पालिका का प्रवेश कर का नाका है। जहां पर निर्धारित दर से अधिक राशि लेकर प्रवेश कर वसूलने पर शुक्रवार देर रात्रि को विवाद हुआ था। भुसावर गेट निवासी एक ट्रैक्टर ट्रॉली से अधिक राशि वसूली। जिसका विरोध करने पर नाके के कर्मचारियों से झगड़ा हुआ। जिसको लेकर दोनो पक्षों ने पुलिस को रिपोर्ट दे दी।पुलिस ने नाका कर्मचारियों की रिपोर्ट दर्ज कर ली ।लेकिन दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। रविवार को फिर से माहौल तनावपूर्ण हो गया। भुसावर गेट चौराहे के स्थानीय वाशिंदे भी एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी जय नारायण मीणा सहित वैर भुसावर हलेना पुलिस व क्यूआरटी भी पहुंच गई। लोगों को समझाइश कर मामले को शांत करवाया। दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज करने सहित उचित कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। भुसावर गेट चौराहे पर शांति व्यवस्था बनी रहे। इसको लेकर पुलिस जाब्ता जगह जगह पर लगाया है।

### ग्रामीण बैंक कंचनपुर से सेवा निवृत्त हुये ब्रांच मैनेजर

**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड की बडौदा क्षेत्रीय राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा कंचनपुर के ब्रांच मैनेजर पद से हुये सेवा निवृत हुये! बडौदा क्षेत्रीय राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा कंचनपुर जिला धौलपुर के कर्मठ, लगनशील, ईमानदार, मिलनसार, होनहोर व्यक्ति होने के कारण शाखा के समस्त सभी कर्मचारियों ने साफा एवं पुष्पमाला पहनकर एवं साथ में स्मृति चिन्ह भेटकर जोरदार स्वागत किया! साथ ही निजी मैरिज होम देव गार्डन में भी शहर के कर्मचारी अधिकारी महानुभावों ने फैटा एवं पुष्प माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया! मौके पर कंचनपुर शाखा के अधिकारी, कर्मचारी, एवं मुन्नीदेवी धर्मपत्नी, किशन सिंह ब्रांच मैनेजर, सत्येंद्र पाल सिंह, मोहित पाल सिंह, पवन कुमार अध्यापक, राधेश्याम ब्रांच मैनेजर, अवधेश कुमार जेईएन विद्युत विभाग, मांगीलाल रिटायर्ड अध्यापक, होतम सिंह अध्यापक, जसवंत सिंह, ताराचंद, राजवीर सिंह पार्षद, बादशाह बाबूजी, राजवीर सिंह कौशल, बदन सिंह, मुख्तार सिंह, राजेश बाबूजी महिला बाल विकास, रामचरन पीटीआई, लक्ष्मण सिंह व्याख्याता, शकील खान ईमित्र बाड़ी, रामस्वरूप, शिवसिंह ठेकेदार, रघुवीर सिंह, विजय सिंह जेईएन पंचायत समिति बाड़ी, लाचारीलाल, रामअवतार आदि कर्मचारी मौजूद रहे!

### राज्य आपदा प्रतिसाद बल ने आपदा मित्रों से किया संवाद



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** घाटगेट स्थित राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) कन्ट्रोल रूम पर रविवार प्रातः 10 बजे जयपुर जिले के प्रशिक्षित आपदा मित्रों से वर्तमान मानसून सत्र के मध्यनजर संवाद किया गया। जिसमें शहर के लगभग 50 आपदा मित्रों ने भाग लिया। सभी आपदा मित्रों को रेस्क्यू टीमों के घटना स्थल पर पहुँचने से पहले किसी भी प्रकार के आपदा प्रभावित क्षेत्र में तत्काल राहत कार्य शुरु करने एवं प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार देने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्र में एसडीआरएफ का सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। एसडीआरएफ के कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ''आपदा मित्र'' योजना के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के 13 जिलों के 4700 स्वयं सेवकों को एसडीआरएफ के माध्यम से ''आपदा राहत प्रशिक्षण'' वर्ष 2022-23 में दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य में आने वाली प्राकृतिक व मानवजनित विभिन्न आपदाओं यथा बाढ़, भूकम्प, आगजनी आदि के दौरान किये जाने वाले आपदा राहत कार्यो में आपदा राहत एवं बचाव दलों के सहायतार्थ स्वयंसेवकों को तैयार किया जाना था। यह प्रशिक्षण कुल तीन चरणों में दिया गया, प्रथम चरण में 06 जिलों बीकानेर 300, भरतपुर 300, जोधपुर 500, कोटा 300, नागौर 500, अलवर 500, द्वितीय चरण में अजमेर 300, जयपुर 500 तथा तृतीय चरण में 05 जिलों बाड़मेर 300, जालोर 300, झालावाड़ 300, पाली 300, सिरोही 300 के स्वयं सेवकों को ''आपदा राहत प्रशिक्षण'' दिया गया। आपदा राहत प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के समय प्राथमिक उपचार, बाढ़ बचाव, रोप रेस्क्यू संबधित एवं इसके अतिरिक्त आपदा के समय किये जाने वाले राहत कार्यो के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा के समय आपदा राहत एवं बचाव दल के साथ आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सेवक मिलकर अधिक से अधिक आपदा राहत कार्य कर आपदा से होने वाली जन-धन हानि को कम से कम किया जाना था।रविवार को हुए संवाद कार्यक्रम में एसडीआरएफ के एसआई आशीष बंशीवाल व रवि वर्मा, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजेष कुमार दान सिंह, शशिकान्त, बिट्ठू बसवाल, सुनील कुमार, सुरेश झरवाल, बाबू लाल, ब्रजमोहन व सचिन आदि मौजूद रहे।अन्त में सभी आपदा मित्रों को कन्ट्रोल रूम का विजिट करवाकर एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली की सामान्य जानकारी दी गई तथा आज से ही आपदा सेवा हेतु तैयार रहने के लिए बताया गया ताकि आवश्यकता पडने पर तुरन्त आमजन की मदद की जा सके।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक चिकित्सा विभाग के अधिकारी रहे मौजूद**



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक चिकित्सा विभाग के अधिकारी रहे मौजूद पोलियो दिवस के अवसर पर 30 जून रविवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पंचशील स्थित सीएचसी अस्पताल पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का स्वागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ज्योत्सना रंगा ने तिलक लगाकर किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि राष्ट्रीय टीकाकरण को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहता है। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एक जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले दस्त नियंत्रण कार्यक्रम का आगाज किया। एडिशनल सीएमएचओ डॉ. रामलाल चौधरी द्वारा इस विषय पर जानकारी दी गई।जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिंदे स्वाति ने राष्ट्रीय टीकाकरण के स्टेटस से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत इस अवसर पर ग्रामीण ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.जसवंत सिंह, डीपीसी डॉ. मोहित देवल, डॉ. कुलदीप कविया, डॉ. ईश्वर नैनवानी, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. माया कौशिक, डॉ.पायल माथुर, डॉ. सोनल माथुर, डॉ. सौरभ, डॉ. सूरज यादव, सीएमएचओ कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी किशन तंवर, नेशनल हेल्थ मिशन के जिला प्रोग्राम मैनेजर संतोष सिंह, डीएनओ सुखपाल चौधरी मनीष शर्मा, आईईसी/फ्लोरोसिस जिला समन्वयक जितेन्द्र हरचंदानी, डब्ल्यूएचओ से शिखर श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आशा सहयोगीनियों द्वारा बच्चो को साथ ला कर पोलियों की दवा पिलवाकर सराहनीय कार्य किया कार्यक्रम का संचालन जिला आशा समन्वयक महेश बिहारी माथुर ने किया।

### प्री डीएलएड परीक्षा में डमी अभ्यर्थी के रूप में पकड़ी गई एक युवती



**चमकता राजस्थान, जयपुर/जालौर (खलील कुरैशी)।** जिले के एक परीक्षा केंद्र पर आयोजित प्री-डीएलएड परीक्षा 2024 में डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने पहुंची एक युवती को बिशनगढ़ थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस की टीम युवती से पूछताछ कर रही है।एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि रविवार को जिले के कई परीक्षा केंद्रों पर प्री-डीएलएड 2024 परीक्षा का आयोजन किया गया। थाना बिशनगढ़ क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उम्मेदाबाद केंद्र में आयोजित परीक्षा से पहले बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट एवं फोटो का मिलान किया जा रहा था।इसी दौरान रोल नंबर 16402916 भगवती बिश्नोई पुत्र मोहनलाल निवासी दांतीवास थाना भीनमाल का बायोमेट्रिक व फोटो मिलान नहीं होने पर केंद्र अधीक्षक मंसाराम राणा द्वारा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मूल अभ्यर्थी भगवती बिश्नोई के स्थान पर डमी परीक्षार्थी निरमा कुमारी बिश्नोई पुत्री आसुराम (23) निवासी भालनी थाना बागोड़ा जिला सांचौर परीक्षा देने आई थी।थाना पुलिस की टीम में केंद्र अधीक्षक की रिपोर्ट पर आरोपी निरमा कुमारी विश्नोई को डमी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं एवं राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम 1992) में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवती से पुलिस की टीम अग्रिम अनुसंधान कर रही है।

## समता और समरसता ही योग का आधार- अवधेशाचार्य महाराज

# ब्रह्मकुमारीज संस्थान वैशाली नगर जयपुर में आयोजित हुआ भव्य योग समागम कार्यक्रम

## योग समागम में राजयोग, भक्तियोग, हठयोग एवं ज्ञानयोग की गंगा बही




**चमकता राजस्थान**

जयपुर (खलील कुरैशी)ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान वैशाली नगर द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं जयपुर नगर निगम ग्रेटर के सहयोग से आयोजित योग समागम में मुख्य अतिथि गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि योग साधक में समता और समत्व का भाव पैदा करता है। योग की जो भी विधाएं प्रचलित है उसके मूल में यही बात रहनी चाहिए की शरीर को स्वस्थ रखते हुए हम भगवान की कृपा के अधिकारी कैसे बने ? भगवान का आश्रय ही मुक्ति का एकमात्र रास्ता है` सभा को संबोधित करते हुए जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्य गुर्जर ने कहा कि योग का असली मकसद है आपस में सबको जोड़ना, व्यक्ति को उर्जा से, शहर से, स्वच्छता से, पर्यावरण से, बड़ों का सम्मान करने से, हमें विकसित भारत बनने में योगदान के लिए जोड़ना` उन्होंने हर व्यक्ति को भारत माँ के नाम एक वृक्ष लगाने का आ''ान किया`मेघसिंह चौहान, संयोजक, राजस्थान प्रदेश क्रीड़ा भारती ने अभ्यास एवं वैराग्य पर प्रकाश डालते हुए कहा की किसी विपरीत परिस्थिति में ना विचलित होना है तथा ना ही ×खुशी के पल में ज्यादा खुश होना है, प्रभु चिंतन करते हुए आनंद में रहने से योग सफल हो सकता है`योगाचार्य ढाकाराम, संस्थापक योगापीस संस्थान ने पहला सुख निरोगी काया पर जोर देते हुए कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास हो सकता है, तथा शरीर को कर श्रेष्ठ कर्म करने पर जोर दिया डॉ रामसेवक दुबे, कुलपति जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय ने शरीर तथा मन की साधना के संतुलन पर जोर देते हुए कहा की चित की साधना अर्थात अन्तकरण को स्वच्छ करते हुए शरीर को स्वस्थ रखना है तथा वर्तमान में जी कर हुए हर कार्य को आज ही करने पर जोर दिया`

ब्रह्माकुमारीज माउण्ट आबू मुख्य प्रबन्धन समिति की कार्यकारिणी सदस्या एवं जयपुर सबज़ोन प्रभारी राजयोगिनी बी के सुषमा दीदी ने राजयोग ध्यान पर प्रकाश डालते हुए कहा हम स्त्री अथवा पुरुष नहीं हम सतचित आनंदस्वरुप आत्माएं है, अपने इसी स्वरुप की ज्योति जगाकर हमें एक दुसरे के प्रति शुभ भावना रखते हुए प्राणिमात्र के प्रति रहम की भावना रखने की बात कही` साथ ही उन्होंने राजयोग ध्यान का अभ्यास भी करवाया` ब्रह्माकुमारीज़ वैशाली नगर केंद्र प्रभारी चंद्रकला दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ कि वार्षिक थीम ''आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वस्थ समाज'' के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर सभी ने स्वयं के साथ परिवार, शहर, समाज की स्वच्छता, शुद्धता एवं पवित्रता के लिए प्रतिदिन योगदान देने का संकल्प लिया। जयपुर योग समागम 2024 के संयोजक योगी मनीषविजयवर्गीय ने स्वागत उद्बोधन समागम में सम्मिलित संस्थानों का अभिनंदन करते हुए सभी से वर्ष पर्यंत योग कार्यक्रमों ने सक्रियता से योगदान देने काआ ।''नकियाब्रह्माकुमारिज संस्था द्वारा योग के क्षेत्र में कार्य कर रही संथाएं- यथा जयपुर नगर निगम ग्रेटर,क्रीड़ाभारती, पतंजलि योग समिति, अखिल विश्व गायत्री परिवार, राजस्थान, आर्ट ऑफ़ लिविंग, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, संस्कृत यूनिवर्सिटी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद, इण्डियन योग एसोसिएशन,गीतापरिवार, र ाजस्थानस्वास्थ्ययोगपरिषद, हर्टफुलनेस, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, योगा पीस संस्थान, योगस्थली योग सोसाइटी, सोनल मेमोरियल ट्रस्ट, गुरुकुल योग संस्थान, गांधी योग एंड नेचुरोपैथी इंस्टिट्यूट, नर्सरी पार्क योग परिवार, सर्व मंगलाये सनातन धर्म फाउंडेशन, प्राकृतिक चिक्तिसालय, संकल्प इंडिया हेल्थ एंड योग सोसाइटी, योगपथ योग संसथान, प्रयास योगा रिट्रीट एवं समरस भारत इत्यादि सहित 51 संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शोल ओढाकर सम्मानित किया किया तथा पर्यावरण संरक्षण मोर्चा के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र भूटानी द्वारा सम्मानित संस्थाओं को हरियाला पौधा भेंट कर मानसून में वृक्षारोपण की प्रेरणा दी।

### ● कार्यक्रम में ये गणमान्य भी रहे मौजूद

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पतंजली के प्रदेश संरक्षक महेंद्र यादव, गलता पीठ के युबराज स्वामी राघवेन्द्र महाराज, अन्तराष्ट्रीय वैशय महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, आर्ट ऑ×फ लीविंग के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कालानी, दिव्य ज्योति संसथान की साध्वी लोकेश भारती, पार्षद प्रवीन यादव, पार्षद राजू अग्रवाल, पार्षद कपिल धाबाई सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## संक्षिप्त समाचार

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली बोले

## 'नौकरी देने का नहीं, खाने का काम कर ही है भाजपा सरकार'

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली ने तीन नए अपराध कानूनों और रोजगार को लेकर राज्य और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। जुली ने कहा कि अपराध पर तीन नए कानूनों से सरकार की तानाशाही, हिटलरशाही और मजबूत होगी।



बीजेपी याद रखे इन्हीं हरकतों की वजह से 400 पार की बात करते-करते 200 पार पर आ गए और यही रवैया रहा तो बड़ा खामियाजा उठाना पड़ेगा। जुली ने कहा कि तीन नए कानूनों पर जनता से राय ली जानी चाहिए थी। जिस प्रकार से आज ईडी-इनकम टैक्स का दुरुपयोग किया जा रहा है, उसी तरह पुलिस का दुरुपयोग होगा। पुलिस का दुरुपयोग शुरू हो चुका है। कोटा में प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर उन पर मुकदमा कर दिया, जबकि उनका हाथ टूटा हुआ था, वे धक्का-मुक्की कैसे कर सकते हैं। जुली जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। जुली ने ने कहा कि सीएम कह रहे थे हमने 20 हजार कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दिया है। सीएम यह बताएं कि इन पदों की विज्ञप्तियां आपने जारी की थीं क्या। आपका इन भर्तियों में क्या योगदान है। ये ते सब कांग्रेस राज की भर्तियां थीं। सारी कार्यवाही तो कांग्रेस राज में हुई थी। आपके समय में कितनी भर्तियां निकली, कितनी भर्तियों का कैलेंडर जारी किया, सरकार उसका विवरण बताए।

### ● बताइये आप नौकरी दे कहां रहे हो

जुली ने कहा- भाजपा वालों आप नौकरी दे कहा रहे हो, आप तो नौकरी खाने का काम कर रहे हो। राजीव गांधी युवा मित्रों को हटा दिया, नए जिलों का रिव्यू करके उन्हें खत्म करने का प्रयास कर रहे है

### ● नीट पर हठधर्मिता कर रही हैं भाजपा सरकार

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नीट का पेपरलीक होने के सारे सबूत होने के बावजूद सरकार इस परीक्षा को कैंसिल करवाकर दोबारा नहीं करवाने पर अड़ी है। 100 से ज्यादा अरेस्ट हो चुके, आधा दर्जन राज्यों में सीबीआई छापे डाल रही है। फिर भी ये हठधर्मिता कर रहे हैं। एनटीए अध्यक्ष का विवादों से पुराना नाता है। मध्यप्रदेश में इनके व्यापमं अध्यक्ष रहते घोटाला हुआ। धर्मेंद्र प्रधान पहले नीट को सही बता रहे थे, फिर सीबीआई को जांच क्यों दी गई।

### ● * अनेक जनहितैषी मुद्दों पर भाजपा को विधानसभा सत्र में घेरेगी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में सबसे पहला मुद्दा नीट का रहेगा। चुनाव में बीजेपी ने बड़ी- बड़ी बातें की थीं, हम सरकार को उसकी विफलताओं पर घेरेंगे। इस सरकार में छह महीनों में ही दलितों पर अत्याचार बढ़ गए हैं। महिला बच्चियों के खिलाफ तेजी से अपराध बढ़े हैं। पूरे प्रदेश में अलग अलग तरह के माफिया पनप गए हैं, जो लोगों को टॉचर्र कर रहे हैं। सरकार की तरफ से कार्रवाई नहीं की जा रही है।जिलों में नए पदों से कितने युवाओं को रोजगार मिलता। अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर रहे हैं, इनमें नए पदों पर हजारों युवाओं को रोजगार हो।

मिलता। आप नई भर्ती निकालना नहीं चाहते, केवल रिव्यू के नाम पर पर्सेप्शन बनाना चाहते हैं!टीकाराम जुली ने कहा कि किसान सम्मान निधि में छह हजार रुपए बढ़ाकर 12 हजार करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बावजूद केवल 2000 रुपए बढ़ाए हैं, बढ़े हुए दो हजार भी तीन किश्तों में देंगे। यह किसानों के साथ क्या मजाक कर रहे हैं। घोषणा करके किसानों से ठगी नहीं करनी चाहिए।

# कैलादेवी दर्शनों को जा रहे 9 श्रद्धालुओं की भीषण सड़क हादसें में हृदय विदारक रुप से हुई मौत

## ट्रक से टकराई बोलेरो के परखच्चे उड़े, मृतकों में 2 बच्चे और 6 महिलाएं, एक पुरुष





**चमकता राजस्थान**

करौली (नि. सं)। करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में 2 बच्चों व 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। हादसा सोमवार शाम 5 बजे करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास हुआ। एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि डूंडापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों वाहनों के टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। हादसे के बाद बोलेरो सवार सड़क पर बिखर गए। आसपास के लोगों ने बोलेरो को सीधा करके घायलों को निकाला।

पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ। बोलेरो में सवार लोग कैला देवी के दर्शन करने जा रहे थे। पुलिस ने सभी घायलों को करौली जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 4 घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें से गंभीर घायल एक महिला को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर

### ● 8 लोगों की घटनास्थल पर ही हो गई थी मौत

करौली जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर रामकेश मीणा ने बताया-हमें कलेक्टर और एडीएम से हादसे की सूचना मिली थी। अस्पताल में 13 लोग लाए गए थे। इनमें से आठ लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं, एक की गर्दन टेडी थी और हेड इंजरी थी। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।मृतक मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले सेएसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि बोलेरो पर मध्य प्रदेश का नंबर है। मृतकों की तलाशी लेने पर उनके लाइसेंस एमपी के मिले हैं। इसके अनुसार मृतक और घायल एमपी के श्योपुर जिले के रहने वाले थे।नीलाभ सक्सेना दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की जानकारीली। वहीं, एडीएम राजवीर चौधरी हॉस्पिटल में घायलों का हालचाल लेने पहुंचे।

## भरतपुर पुलिस रेंज परिक्षेत्र के वांछित आरोपियों पर 35-35 हजार का ईनाम घोषित : राहुल प्रकाश रेंज आईजी

**चमकता राजस्थान। जयपुर/भरतपुर (खलील कुरैशी)।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश ने जानकारी दी कि अभियोग संख्या 108/2015 धारा 302, 120बी, 34 भा.द.सं. व 3/25 आर्ट्स एक्ट, पुलिस थाना सदर गंगापुर सिटी, जिला गंगापुर सिटी में वांछित आरोपी गोविन्द पुत्र राधेलाल, जाति जाट, निवासी रीठौठी, पुलिस थाना कुम्हेर, जिला डीग व रणजीत पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी दारापुर, जिला माँगा (पंजाब) फरार चल रहें हैं।



महानिरीक्षक ने आदेश जारी कर राजस्थान पुलिस नियम 1965 की धारा 4.18 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर उक्त प्रकरण में वांछित आरोपियों को बन्दी बनाने या बन्दी करवाने या बन्दीकरण का विरोध किये जाने पर विधिसंगत आवश्यक शक्ति का प्रयोग कर, बन्दी बनायेगा या बन्दी बनाने के लिये सही सूचना देगा या बन्दी करवाने वाले को पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज द्वारा 35,000-35,000 रूपये का नगद पारितोषिक प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पारितोषिक वितरण के सम्बन्ध में महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज, भरतपुर का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक जिला सवाईमाधोपुर द्वारा पूर्व में घोषित ईनाम राशि को निरस्त किया जाता है।

## मुख्य रूप से 51 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, चिकित्सकों का सम्मान आदी कार्यक्रम हुए आयोजित

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाया गया डॉक्टर्स डे

## धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते हैं चिकित्सक: संजय शर्मा वन पर्यावरण राज्यमंत्री

**चमकता राजस्थान**




अलवर (का.स.)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर द्वारा 1 जुलाई 2024 को डॉक्टर्स डे बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों तहत स्वेच्छिक रक्तदान शिविर, पौधारोपण एवं शाम को मुख्य कार्यक्रम में सीनियर चिकित्सको के सम्मान एवं चिकित्सको के बच्चो के सम्मान के साथ चिकित्सक दिवस को यादगार एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि 01 जुलाई 2024 को सुबह 9 बजे से राजकीय राजीव गाँधी सामान्य चिकित्सालय अलवर के ब्लड बैंक में 51 चिकित्सको द्वारा बड़ी संख्या में आगे बढ़कर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ब्रांच सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन एवं मित्तल हॉस्पिटल प्रशासक गिरीश गुप्ता ने अपने जीवन का 70 वीं बार रक्तदान किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया । वही मुख्य अतिथि संजय शर्मा राज. सरकार वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने राजीव गाँधी चिकित्सालय के पार्क में पौधारोपण कर सभी को माँ के नाम एक पौधा लगाने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान,आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. विजय सिंह चौधरी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।

सांय 8.00 बजे मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय शर्मा राज. सरकार-वन, और पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) समारोह अध्यक्ष डॉ. के. के. गुप्ता, विशिष्ट अतिथि घनश्याम गुर्जर महापौर नगर निगम अलवर रहे। आई.एम.ए. अलवर के सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के तहत आई.एम.ए. हाल, राजकीय राजीव गाँधीसामान्यचिकित्सालय अलवर परिसर में रात्रि 8 बजे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा सभी चिकित्सको का कुमकुम तिलक और चोकलेट द्वारास्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने डॉ.बी.सी. रॉय एवं गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया डॉ. अनुरिता झा की बच्चियों द्वारा कत्थक के माध्यम से गणेश वंदना एवं स्वागत गीत पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभी अतिथियों को श्रीफल एवं दुपट्टा पहनकर स्वागत किया गया तपश्चात आई एम ए अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए डॉ. बी. सी. रॉय की जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही डॉ. मित्तल ने मंत्री जी से आई. एम.ए. हॉल की छत पर कैसेट एयर कंडीशनर लगवाने एवं हॉल के बाहर की जगह को पक्का करवाने की माँग सभी के समक्ष रखी। मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन के प्रारम्भ में चिकित्सको को भगवान का दूसरा रूप बताते हुए चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई दी साथ ही कहा कि डॉक्टर्स ही वो कड़ी होती है जो जिंदगियो को बचने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ते है जिसका जीता जागता उदहारण अभी हाल ही में कोरोना काल में देखने को मिला था चिकित्सको ने अपनी जान की परवाह किये बगैर लोगो की देखभाल करके उनको नया जीवनदान प्रदान किया था। वही विशिस्ट अतिथि के रूप में पधारे नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर ने भी सभी चिकित्सको को बधाई देते हुए कहा कि सामान्य चिकित्सालय हो या अन्य चिकित्सालय हो नगर निगम से सम्बंधित किसी भी काम को रुकने नहीं दिया जाएगा जल्द से जल्द प्राथमिकता पर वहां के कार्यों का निस्तारण किया जाएगा।

# पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश मीणा के जन्मदिन पर आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

## समर्थकों ने विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों वृक्षारोपण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर सहित आयोजित किये विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम

### जन सेवा में ईमानदारी से कार्य करने वाले व्यक्ति को ईश्वर भी सहयोग करता है: जगदीश यादव राज्य मंत्री ओबीसी आयोग दिल्ली सरकार

### नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना ही मानव जीवन को महान बनाती है: जगदीश मीणा

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) पावटा निवासी पूर्व जिला पार्षद एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश मीणा के जन्म दिवस के अवसर पर उनके समर्थकों और चाहने वालों ने पंसारी धर्मशाला में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य और चिकित्सा शिविर, तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करा इससे निश्चित रूप से जगदीश मीणा की लोकप्रियता और जनसेवा की स्वीकार्यता की सकारात्मक झलक प्रदर्शित हुई हैं! इस पावन अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए दिल्ली सरकार के राज्य मंत्री जगदीश यादव ने कहा कि नर सेवा को नारायण सेवा मानकर जो कार्य करता है निश्चित रूप






से ईश्वर भी उनकी मदद करता है सभी युवा वर्ग के लोग जन सेवा के कार्यों में एकजुट से कार्य करें इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय पूर्व विधायक कांग्रेस नेता इंद्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि जगदीश मीणा का पूरा जीवन जन सेवा में लगा हुआ है सभी क्षेत्र के लोगों को ऐसे कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी काफी संख्या में एकत्रित हुए कार्यक्रम का संचालन पत्रकार जगदीश सेन ने किया कार्यक्रम का कार्यकर्ता कार्यक्रम का उद्घाटन संत शिरोमणि ज्ञान दास जी महाराज के कर कमल द्वारा प्रातः 8:00 बजे पंसारी धर्मशाला पावर पावटा में किया गया शुभारंभ करते हुए जगदीश मीणा पूर्व जिला पार्षद ने कहा कि मैं जन सेवा के लिए कार्य विगत 20 वर्ष से लगातार करता रहा हूं चंद्र भगवान जन कल्याण संस्थान के माध्यम से 20 वर्ष में 5000 रक्त यूनिट संग्रहण की गई है एवं जन सेवा के कार्य के लिए लगभग 40000 लोगों को दवा वितरण एवं इलाज कराया गया है आज के इस कार्यक्रम में 214 रक्त यूनिट संग्रहण एस. एस. ब्लड बैंक एवं निम्स ब्लड बैंक द्वारा किया गया है साथ ही जैन ईएनटी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा 440 लोगों को नाक कान गला रोग विशेषज्ञ द्वारा दिखाया गया है एवं 13 सुनने की मशीन निशुल्क वितरण की गई है साथ ही ह्लीर अस्पताल के 14 चिकित्सीय दल द्वारा 950 लोगों को फ्री मेडिसिन एवं फ्री चेकअप किया गया है साथ ही 17 लोगों को निशुल्क आंख का ऑपरेशन करने के लिए चिकित्सा दल द्वारा अस्पताल ले जाया गया है कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद भूषण एडवोकेट शैलेंद्र मीणा ने दिया कार्यक्रम में आनंद जांगिड़ राजेंद्र पारीक जगन यादव रामावतार स्वामी सुरेश शर्मा भागीरथ जांगिड़ विनोद यादव महेंद्र मीणा सरपंच रामकरण मीणा नेता मीणा सहित हजारों की संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

## न्यूज़ अपडेट

### केदारनाथ में हिमस्खलन होने से थमीं लोगों की सांसें, भरभराकर गिर गया बर्फ का पहाड़



**गढ़वाल।** रविवार को केदारनाथ में गांधी सरोवर के ऊपर भारी हिमस्खलन हुआ। ढलानों से नीचे की ओर बढ़ते हिमस्खलन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। केदारनाथ धाम के पीछे स्थित बर्फीले पहाड़ पर रविवार सुबह करीब पांच बजे हिमस्खलन हुआ। रुद्रप्रयाग की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विशाखा अशोक भदाने ने बताया, 'आज सुबह करीब 5 बजे केदारनाथ में गांधी सरोवर के ऊपर हिमस्खलन हुआ। इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।' पहाड़ से बर्फ़ काफ़ी नीचे गिर गई और पहाड़ से बर्फ़ की धूल उड़ने लगी। इससे केदारनाथ में हलचल मच गई। हिमस्खलन काफ़ी देर तक जारी रहा। हालांकि, इस पहाड़ पर हिमस्खलन होना कोई असामान्य बात नहीं है। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ के सेक्टर अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह गांधी सरोवर के ऊपर स्थित पहाड़ी पर हिमस्खलन हुआ है। हालांकि, इस हिमस्खलन से कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इस पहाड़ पर समय-समय पर ऐसे हिमस्खलन होते रहते हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसी घटनाएं तब होती हैं जब बहुत अधिक बर्फबारी होती है। इनसे कोई नुकसान नहीं होता।' महीने की शुरुआत में केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। 6 जून तक यह संख्या 7 लाख से अधिक हो गई। इस वर्ष, चार धाम यात्रा सर्किट में भक्तों की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिसमें बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री शामिल हैं।

### आखिर कौन हैं वो लोग जो अब भी दबाए बैठे हैं दो हजार के 7581 करोड़ के नोट

**मुंबई।** 2000 के नोटों को बाजार से वापस ले लिया गया, लेकिन अभी भी कई लोग है, जो इसे लिए बैठे है। रिजर्व बैंक ने इसे लेकर बड़ा अपडेट दिया है। दो हजार के 97.87 प्रतिशत नोट वापस आए, 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास है। आरबीआई ने सोमवार



को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.87 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 28 जून 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, 'इस प्रकार 28 जून 2024 तक 2000 रुपये के 97.87 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। सात अक्टूबर 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।

# सहकारी समितियां अपने सार्वभौमिक विकास के संदर्भ में आधुनिक जनहितैषी नवाचार अपनाएं : सहकारिता मंत्री

- बोलें सहकारिता के जरिए ग्रामीण जीवन को सरल और सुगम बनाना हुआ आसान

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों को स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नवाचारों को अपनाना चाहिए, ताकि ग्रामीण जीवन को सरल और सुगम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नवाचार का अधिक से अधिक लोगों में प्रचार-प्रसार करें, जिससे लोगों में सहकारिता को अपनाने का भाव बढ़े। दक सोमवार को सहकार भवन में एनसीडीसी के क्षेत्रीय उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता पुरस्कार-2023 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी की श्रेष्ठ कार्य करने वाली सोसायटियों को सम्मानित करने की पहल से प्रदेश स्तर पर अधिक से अधिक कार्य करने के लिए ऊर्जा का संचार होगा।

केंद्र की पहल पर हुए 45 नवाचार उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की पहल पर 54 नए नवाचार हुए है। सहकारिता में विकास की अकूत संभावनाएं हैं। आवश्यकता यह है कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास को नए आयाम दिए जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारिता के बैनर के तहत नवाचारों के माध्यम से हम छोटे से छोटे कार्य से लेकर बड़े से बड़ा कार्य कर सकते हैं। आज सहकारी समितियां सुपर स्टोर के संचालन के साथ-साथ पेट्रोल पंप, गैस एजेन्सी आदि का संचालन कर रही हैं अजमेर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मदन लाल चौधरी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सहकारी संस्थाएं सेवाभाव के साथ-साथ अपने प्रदेश की 8 सहकारी समितियां सम्मानित सहकारिता मंत्री ने एनसीडीसी के द्विवार्षिक पुरस्कार समारोह में चार श्रेणियों में उत्कृष्टता और श्रेष्ठता के तहत पुरस्कार दिए। सर्वश्रेष्ठ पैक्स श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए पलसाना ग्राम सेवा सहकारी समिति, सीकर को 25 हजार रुपए एवं स्मृति चिह्न तथा क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिए 24 एपीडी ग्राम सेवा सहकारी समिति, अनूपगढ़ को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार रुपए एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ केवीएसएस श्रेणी में आप को व्यापारिक केन्द्र के रूप में विकसित करें। बदलते बाजार प्रतिस्पर्धा के माहौल में अधिक से अधिक नवाचार किए जाएं। एनसीडीसी के क्षेत्रीय निदेशक सुनील छापोला ने कहा कि एनसीडीसी क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए बांसवाड़ा क्रय विक्रय सहकारी समिति, बांसवाड़ा व क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिए कोटपूतली क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., कोटपूतली तथा सर्वश्रेष्ठ महिला सहकारी समिति की श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए आपणी सहकारी सेवा समिति लि., माधोराजपुरा, क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिए महिला सहकारी समिति में केलू, महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि., अजमेर, को सम्मानित किया गया सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करती है। निगम द्वारा पूरे देशभर में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समितियों को यह पुरस्कार दिए जाते हैं।

### अब गाय के दूध के साथ मिलेगी शुगर फ्री आइसक्रीम

# राजधानी जयपुरवासी अब पीएंगे बीकानेर का काऊ मिल्क..

## जयपुर डेयरी ने अपने उत्पादों में नवाचार कर लॉन्च 6 नए प्रोडक्ट

- डेयरी चेयरमैन ओम पूनिया ने की दूध के समर्थन मूल्य घोषित करने की मांग
- गाय का दूध 'थार का अमृत' भी की हुई भव्य लॉन्चिग

चमकता राजस्थान



जयपुर। (खलील कुरैशी) राजधानी के लोग अब बीकानेर का काऊ मिल्क पीएंगे। जयपुर डेयरी में 16,800 लीटर काऊ मिल्क की पहली खेप पहुंच गई है। तड़का छाछ, काठ मिल्क, पुदीना छाछ भी लॉन्च की गई है। इसके साथ अमेरिकन नट्स, स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम फ्लेवर भी लॉन्च किया गया है। यह लॉन्चिग मंत्री जवाहर सिंह बेदम और जोराराम कुमावत ने की है। इस कार्यक्रम में जयपुर डेयरी चेयरमैन ओमप्रकाश पूनिया, प्रमुख सचिव सीताराम भाले, आरसीडीएफ प्रबंध संचालक सुषमा अरोड़ा एवं जयपुर डेयरी एमडी मनीष फौजदार मौजूद रहे। लॉन्चिग समारोह में अरोड़ा ने कहा कि उपभोक्ता सरस के सभी प्रोजेक्ट एक ही जगह से ले सके ऐसा प्रयास होना चाहिए। गाय के दूध का महत्व है, इसलिए गाय का दूध शुरूकर रहे हैं। दूध की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जयपुर डेयरी चेयरमैन ओमप्रकाश

### जयपुर डेयरी एमडी मनीष फौजदार के सकारात्मक और सफल प्रयास लाए रंग, स्थापित किए विकास के नए आयाम

» जयपुर डेयरी में मनीष फौजदार ने जब से यह पदभार संभाला है तब से जयपुर डेयरी निर्बाध रूप से अपने सार्वभौमिक विकास के नए आयाम स्थापित किये है। अब एक साथ जयपुर डेयरी के 6 नए प्रोडक्ट की लांचिंग कर आम जनता के लिये उपलब्ध करवाये है। जिसको लेकर मंत्री और डेयरी चेयरमैन ने एमडी के कार्यों की सराहना की। मंत्री ने कहा कि इनके आने के बाद चोरी की रोकथाम के साथ ही मिलावट को रोकने का काम किया है।पूनिया ने पशुपालकों के हित को देखते हुए सरकार से फैट रेट बढ़ाने की मांग की साथ ही पशुपालन मंत्री से समर्थन मूल्य विधानसभा में घोषित करवाने की मांग की। साथ ही पूनिया ने कहा कि आज हमें फाइल लेकर घूमना पड़ता है,इससे पहले हम स्वयं निर्णय करते थे। लेकिन, हम पशुपालकों के हित में फैसले करेंगे, इसलिए इसलिए हमारी स्वायत्ता बरकरार रहे तभी हम जयपुर डेयरी को आगे बढ़ा पायेंगे ।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट मैच में द.अफ्रीका को दी 10 विकेट से करारी शिकस्त



चेन्नई। एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी शैफाली वर्मा को दोहरे शतक (205) और स्मृति मंधाना (149) के बहेतरीन शतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित कर दी थी, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए, इसके बाद भारतीय टीम ने उन्हें फॉलोआन दिया। दूसरी पारी में अफ्रीकी टीम 373 रनों पर सिमट गई और भारत के सामने जीत के लिए 37 रनों का लक्ष्य रखा। 37 रनों के लक्ष्य का पीछा करने भारत की नई सलामी जोड़ी शैफाली वर्मा और शुभा सतीश मैदान में उतरी। दोनों ने बड़ी आसानी से 9.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के भारत को 10 विकेट से जीत दिला दी। शैफाली 24 और शुभा 13 रन बनाकर नाबाद रहीं। स्नेह राणा, जिन्होंने मैच में 10 विकेट लिए, को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बनाए 373 रन, कप्तान लौरा वोल्वार्ट और सुने लुस का शतक

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 373 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए वोल्वार्ट और सुने लुस ने शानदार शतक लगाते हुए क्रमशः 122 और 109 रन बनाए। इन दोनों के अलावा नादिने डी क्लर्क ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 61 रन बनाए। भारत की तरफ से स्नेह राणा, दीप्ती शर्मा और राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2-2 व पूजा वस्त्राकर, शैफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 1-1 विकेट लिया।

वनडे में पहले ही दो शतक और 90 रन बना चुकीं मंधाना के पास इस बार दोहरा शतक बनाने का मौका था, लेकिन 149 रन पर उनकी पारी थम गई, जब उन्होंने डेलमी टकर की एक गेंद को स्लिप में मौजूद एनेरी डर्कसेन को कैच थमा दिया। मंधाना ने 161 गेंदों का सामना किया और 27 चौके और 1 छक्का लगाया। आउट होने से पहले मंधाना ने शैफाली के साथ पहले विकेट के लिए 292 रन जोड़े, जो महिला टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी है। हालांकि इसके बाद बल्लेबाजी करने आईं शुभा सतीश कुछ खास नहीं कर सकीं और 15 रनों की छोटी पारी खेल, नादिन डी क्लार्क का शिकार बनीं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की राहत ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि शैफाली ने लगातार दो छक्के और एक रन लेकर शानदार दोहरा शतक पूरा किया। उनके लगातार हमले और जेमिमाह रोड्रिग्स के तेज योगदान ने दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ा दीं, हालांकि शैफाली के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका को राहत मिली। शैफाली ने 197 गेंदों पर 23 चौके और 8 छक्के की बदौलत 205 रन बनाए। कुछ ही देर बाद रोड्रिग्स अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद 55 रनों के व्यक्तिगत स्कोर पर डेलमी टकर का दूसरा शिकार बनीं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (69) और ऋचा घोष (86) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेल भारत को स्कोर 603 रनों तक पहुंचाया।

## भारत ने 6 विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की

शैफाली-मंधाना के बीच पहले विकेट के लिए महिला टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी इस मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत को शैफाली वर्मा और मंधाना ने अच्छी शुरूआत दिलाई। शैफाली ने कवर के जरिए चौका लगाकर अपनी लय हासिल कर ली, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। दोनों के बीच साझेदारी 292 रनों तक पहुँच गई, जिसमें दोनों बल्लेबाजों ने बड़े शतक जड़े। शैफाली के आक्रामक स्ट्रोक प्ले, जिसमें उनके रिकॉर्ड-तोड़ छक्कों की झड़ी भी शामिल थी, ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजो को निराश कर दिया।

## दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 266 रनों पर सिमटी, भारत ने दिया फॉलोआन

दक्षिण अफ्रीका ने भारत के पहली पारी के 603 रनों के जवाब में अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए, जिसके बाद भारत ने अफ्रीका को फॉलोआन दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लुस (65) ने मारिजने कप्प (74) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नादिन डी क्लर्क और एनेके बॉश ने 39-39 रनों की पारी खेली। भारत की तरफ से स्नेह राणा ने 8 और दीप्ती शर्मा ने 2 विकेट लिए।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच बहुप्रारुपीय श्रृंखला अगस्त में निर्धारित



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ए महिला क्रिकेट टीम अगस्त में क्वींसलैंड में बहुप्रारुपीय श्रृंखला में भारत ए से भिड़ेगी। घरेलू टीम की ओर से में ताहलिया मैकग्राथ, किम गर्थ, मेगन स्कट और टायला व्लामिनक सीमित ओवरों के मैचों में हिस्सा लेंगी। भारतीय ए टीम इस दौरे पर ब्रिस्बेन में तीन टी20, मैके में तीन 50 ओवर के मैच और गोल्ड कोस्ट में चार दिवसीय मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम की उप-कप्तान मैकग्राथ टी20 और 50 ओवर की टीमों की कप्तानी करेंगे, जबकि क्वींसलैंड की ऑलराउंडर चार्ली नॉट चार दिवसीय टीम की अगुआई करेंगी। तीनों टीमों में प्रमुख घरेलू खिलाड़ी शामिल हैं, जो उच्च सम्मान के लिए अपने दावों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। चार दिवसीय खेल दोनों देशों के खिलाड़ियों को लंबे समय तक क्रिकेट खेलने का दुर्लभ मौका देगा। मैकग्राथ ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, ₹मैं इस सीरीज का हिस्सा बनने और भारत ए द्वारा पेश की जाने वाली चुनौती के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। यह हममें से उन लोगों को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक बड़ी गर्मी की तैयारी करने का मौका देता है जो हंड्रेड में नहीं खेल रहे हैं।

### आईओए ने पेरिस जाने वाले भारतीय एथलीटों को दी औपचारिक विदाई, कीट का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय एथलीटों को रविवार शाम यहां एक होटल में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में औपचारिक विदाई दी गई, साथ ही भारतीय दल के कीट का भी अनावरण किया गया। केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य, डॉ. पी.टी. उषा ने भारतीय टीम की तीन किटों का अनावरण किया। आत्मविश्वास से भरे एथलीटों द्वारा रैंप-वॉक के दौरान जेएसडब्ल्यू इंस्पायर द्वारा डिजाइन की गई प्लेइंग किट, तरुण तहिलियानी के स्वामित्व वाली टीएएसवीए द्वारा डिजाइन की गई औपचारिक पोशाक और पूमा द्वारा परफॉर्मेंस शू और ट्रैवल गियर सहित किट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि सभी भारतीयों ने देश के एथलीटों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट भावना का जश्न मनाया।

### ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा में 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया

**मुरादाबाद।** हिंदू माडल इंटर कॉलेज में सोमवार को ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के खान ताइक्वांडो एकेडमी, हिंदू माडल ताइक्वांडो एकेडमी, शिशु वाटिका ताइक्वांडो अकादमी, संकल्प ताइक्वांडो एकेडमी, मुस्तफा ताइक्वांडो एकेडमी, मुस्कान ताइक्वांडो एकेडमी आदि से लगभाग 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान परीक्षक के रूप में, मुस्तफा, मोहसिन, नोमान, अमन, वासित, मुस्कान वा मुख्य परीक्षक के रूम में मुरादाबाद के हेड कोच तकी ईमाम रहे, इस परीक्षा में खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट से लेकर रेड वन बेल्ट तक भाग लिया।

### श्रीलंका सीरीज से भारतीय टीम को मिलेगा नया मुख्य कोच, जय शाह ने की पुष्टि

ब्रिजटाउन। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि टीम इंडिया के नए मुख्य कोच आगामी श्रीलंका श्रृंखला से टीम में शामिल होंगे। भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करना है, जो 27 जुलाई से शुरू होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के बाद समाप्त हो गया, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर 17 साल बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। बारबाडोस में पत्रकारों से बात करते हुए शाह ने कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पहले ही दो नामों का साक्षात्कार लिया है और उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई पहुंचने के बाद बीसीसीआई के सदस्य इसकी घोषणा करेंगे। बीसीसीआई सचिव ने पुष्टि की कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण टीम के अंतरिम कोच के रूप में जिम्बाब्वे जाएंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने शाह के हवाले से कहा कोच और चयनकर्ता दोनों की नियुक्तियां जल्द ही की जाएंगी। सीएसी ने साक्षात्कार लिया है और दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है और मुंबई पहुंचने के बाद जो भी उन्होंने फैसला किया है। हम उसके अनुसार चलेंगे। वीवीएस लक्ष्मण जिम्बाब्वे जा रहे हैं, लेकिन श्रीलंका सीरीज से एक नया कोच शामिल होगा। गौतम गंभीर का नाम इस भूमिका के लिए खूब जोड़ा जा रहा है।

# आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित की, रोहित शर्मा को मिली कमान



नई दिल्ली। एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार देर रात आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की टीम ऑफ द टूनामेंट घोषित की है, जिसकी कमान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को सौंपी गई है। टीम में चार अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम में चैंपियन भारत के छह खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, प्लेयर ऑफ द टूनामेंट जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या शामिल हैं। सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ियों कप्तान राशिद खान,फजलहक फारुकी और रहमानुल्लाह गुरबाज को भी टीम में जगह मिली है। इसके अलावा टीम में वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और ऑस्ट्रेलिया को मार्कस स्टोइनिस को भी टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नात्र्जे को 12वां खिलाड़ी बनाया गया है।

रोहित प्रतियोगिता में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने आठ पारियों में 257 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में उनका प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा, उन्होंने इन मैच में केवल 41 गेंदों पर 92 रन बनाए, इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 57 रन जोड़े। उनके साथ अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज शीर्ष क्रम में शामिल हैं, जो भारतीय ओपनर से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। रहमानुल्लाह ने 281 रन बनाए, जिससे अफगानिस्तान अपने इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा, उन्होंने तीन मैचों में अर्धशतक बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके 60 रन अफगानिस्तान को सुपर 8 से आगे ले जाने में अहम साबित हुए। तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने 38 की औसत से 228 रन बनाए, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ जीत में 53 गेंदों में 98 रन की पारी भी शामिल है। टीम में दूसरे भारतीय खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने कुछ महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं, खास तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 47 रन की पारी खेली।


# रोहित शर्मा ने टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ खिंचवाई फोटो



नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को बारबाडोस के एक समुद्र तट पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। भारतीय टीम ने शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप का 2024 का खिताब जीता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह समुद्र तट पर प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ पोज देते नजर आए। बीसीसीआई ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा एक अरब सपने, एक अरब भावनाएं और एक अरब मुस्कुराहटें! मिशन पूरा हुआ। विश्व कप जीत लिया। हम विश्व चैंपियन हैं। कैप्टन! आपने कर दिखाया। टी-20 विश्व कप 2024 के खिताबी मुकाबले की बात करें तो मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एक समय केवल 34 रनों पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किलों में फंसी भारतीय टीम को विराट (76) और अक्षर पटेल (47) ने 72 रनों की साझेदारी कर मैच में भारत की वापसी कराई।

# तेजस ने बनाया रिकॉर्ड, साहिल ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण



पंचकुला। एजेंसी

63वीं अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.54 सेकंड के नए मीट रिकॉर्ड के साथ तेजस शिरसे ने स्वर्ण पदक जीता। 22 वर्षीय शिरसे ओलंपिक मानक (13.27 सेकंड) को हासिल करने का लक्ष्य बना रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

साहिल सिलवाल ने भी खुद को बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार साबित किया, उन्होंने भाला फेंक में शीर्ष स्थान हासिल किया। सिलवाल, जो कुछ साल पहले सबसे होनहार थ्रोअर में से एक थे, ने अपने अंतिम थ्रो में 81.81 मीटर की दूरी तय करके नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मीट में सबसे प्रतीक्षित इवेंट में 4*400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, लेकिन पेरिस के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए। मोहम्मद अनस, मोहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी और किरण पहल की चौकड़ी ने 3:12.82 सेकंड का समय निकालकर पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से लगभग दो सेकंड बेहतर प्रदर्शन किया।

# प्रतिस्पर्द्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदमः उषा



नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) को एशियाई खेल कार्यक्रम में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली प्राचीन भारतीय विद्या योग को शामिल करने के उनके प्रस्ताव पर तुरंत सहमति देने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने आईओए द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि ओसीए अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने उन्हें इस निर्णय के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने योग को वह मान्यता देने के भारत के अनुरोध पर सहज रूप से सहमति व्यक्त की है जिसका वह हकदार है।

प्रस्ताव अब खेल समिति के माध्यम से पुष्टि के लिए महासभा में जाएगा। आईओए अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिस्पर्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदम है, खासकर तब जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और पहल के कारण दुनिया ने इसे अपनाया है। उन्होंने कहा इसकी सार्वभौमिक अपील है और दुनिया भर के लोगों ने योग को अपनाया है और इसके लाभ उठाए हैं। उन्होंने ओसीए बैठक से पहले युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा जब हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सामूहिक प्रयास करते हैं, तो हम बिना किसी बाधा के सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मुझे खुशी है कि योग को खेल के सबसे बड़े उत्सवों में शामिल करने के भारत के प्रयास को प्रतिध्वनि मिल रही है।

## वाणिज्य

### बिटकॉइन ने फिर 62 हजार डॉलर से ऊपर छलांग लगाई

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, टॉप 10 में



नई दिल्ली। एजेंसी

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक नजर आ रही है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसीज मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। जबकि 1 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में और 1 क्रिप्टो करेंसी बिना बदलाव के 24 घंटे पहले की कीमत पर ही कारोबार कर रही हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 62 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ 62,641.74 डॉलर यानी 52.27 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,459.38 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.08 प्रतिशत, बीएनबी 0.53 प्रतिशत, सोलाना 3.77 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.13 प्रतिशत, डॉगकॉइन 2.04 प्रतिशत और काडानो 3.83 प्रतिशत की तेजी के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टॉनकॉइन 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ रेड जोन में बना हुआ था। इसके अलावा यूएसडी कॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.99 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.31 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 192.76 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है।

# सिल्वन प्लाईबोर्ड की शेयर बाजार में एंट्री विसामन ग्लोबल की फीकी शुरुआत



नई दिल्ली। एजेंसी

प्लाईवुड, ब्लैकबोर्ड, फ्लश डोर, वीनियर और सॉर टिम्बर बनाने वाली कंपनी सिल्वन प्लाईबोर्ड ने आज शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री की है। इस कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एसएमई (स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज एक्सचेंज) प्लेटफॉर्म पर 66 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। इस तरह इस कंपनी के आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों को 20 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिला है। वहीं विसामन ग्लोबल सेल्स के शेयरों की भी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग हुई। लेकिन इस लिस्टिंग में निवेशकों को सिर्फ 5 प्रतिशत का ही लिस्टिंग गेन मिल सका। उल्लेखनीय है कि सिल्वन प्लाईबोर्ड का 28.05 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 जून से 26 जून तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ के तहत 55 रुपये के भाव पर निवेशकों को शेयर ऑफर किए गए थे। खुदरा निवेशकों ने इस आईपीओ के प्रति काफी उत्साह दिखाया था, जिसके कारण ये आईपीओ ओवरऑल 84.03 गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ का आधा हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए सुरक्षित रखा गया था, जो 84.11 गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के जरिए 45 रुपये के प्रीमियर के साथ 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 51 लाख नए शेयर जारी किए गए थे।

# घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। हालांकि सपाट स्तर पर मिले-जुले कारोबार की शुरूआत हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, हीरो मोटोकॉर्प, टेक महिंद्रा, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.83 प्रतिशत से लेकर 1.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, डिवीज लेबोरेट्रीज, अपोलो हॉस्पिटल और सन फार्मास्युटिकल्स के शेयर 2.17 प्रतिशत से लेकर 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,271 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

इनमें से 1,715 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 556 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर, 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 10.62 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,043.35 अंक के स्तर पर खुला।

# सहकारी समितियां नवाचार अपनाऐं, ग्रामीण जीवन को सरल और सुगम बनाऐं

# सहकारिता में है विकास की अकूत संभावनाऐं: सहकारिता मंत्री







चमकता राजस्थान

**जयपुर, 01 जुलाई।** सहकारिता राज्य मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों को स्थानीय आवशयकताओं को ध्यान में रखते हुये नवाचारों को अपनाना चाहिये ताकि ग्रामीण जीवन को सरल और सुगम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नवाचार का अधिक से अधिक लोगों में प्रचार प्रसार करें जिससे लोगों में सहकारिता को अपनाने का भाव बढे।

श्री दक सोमवार को सहकार भवन में एनसीडीसी के क्षेत्रीय उत्कृष्टता एवं श्रेष्ता पुरस्कार-2023 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी की श्रेष्ठ कार्य करने वाली सोसायटियों को सम्मानित करने की पहल से प्रदेष स्तर पर अधिक से अधिक कार्य करने के लिये ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की पहल पर 54 नये नवाचार हुए है। सहकारिता में विकास की अकूत संभावनायें हैं। आवश्यकता यह है कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास को नये आयाम दिये जायें। उन्होंने कहा कि सहकारिता के बैनर के तहत नवाचारों के माध्यम से हम छोटे से छोटे कार्य से लेकर बडे से बडा कार्य कर सकते हैं। आज सहकारी समितियां सुपर स्टोर के संचालन के साथ-साथ पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी आदि का संचालन कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाली सहकारी समितियां अपने जिले की अन्य सहकारी समितियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करे एवं उनका सहयोग करे। उन्होंने कहा कि सहकारिता में सकारात्मक विचार विमर्श के साथ नई नई योजनाओं को बनाकर क्रियान्वित किया जा सकता है। इसके लिये सहकारिता विभाग के अधिकारी व सहकारजनों को मिलकर काम करना होगा।

अजमेर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री मदन लाल चैधरी ने कहा कि अब समय आ गया है कि सहकारी संस्थायें सेवाभाव के साथ-साथ अपने आप को व्यापारिक केन्द्र के रूप में विकसीत करें। बदलते बाजार प्रतिस्पर्धा के माहौल में अधिक से अधिक नवाचार किये जाये। उन्होंने पुरस्कृत समितियों के पदाधिकारियों को कहा कि वे और भी अच्छा कार्य कर सहकारिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाये एवं प्रदेश एवं देश के विकास में अपना योगदान दे।

एनसीडीसी के क्षेत्रीय निदेशक श्री सुनील छापोला ने कहा कि एनसीडीसी सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करती है। निगम द्वारा पूरे देशभर में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समितियों को यह पुरस्कार दिये जाते है राजस्थान की भी कई सहकारी समितियों एवं संस्थायें राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित हुई है।

- **प्रदेश की 8 सहकारी समितियां उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता पुरस्कार-2023 से सम्मानित**

सहकारिता मंत्री ने एनसीडीसी के द्विवार्षिक पुरस्कार समारोह में चार श्रेणियों में उत्कृष्टता और श्रेष्ठता के तहत पुरस्कार दिये गये। सर्वश्रेष्ठ पैक्स श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए पलसाना ग्राम सेवा सहकारी समिति, सीकर को 25 हजार रूपये एवं स्मृति चिन्ह तथा क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये 24 एपीडी ग्राम सेवा सहकारी समिति, अनूपगढ़ को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार रूपये एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ केवीएसएस श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए बांसवाडा क्रय विक्रय सहकारी समिति, बांसवाडा व क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये कोटपूतली क्रय-विक्रय सहकारी समिति लि., कोटपूतली तथा सर्वश्रेष्ठ महिला सहकारी समिति की श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिए आपणी सहकारी सेवा समिति लि., माधोराजपुरा, क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये महिला सहकारी समिति में केलू महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि., अजमेर, को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति श्रेणी में क्षेत्रीय उत्कृष्टता के लिये सराधना दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. तथा क्षेत्रीय श्रेष्ठता के लिये जेठाना दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार के लिये चयनित सोसायटी को एक ट्रॉफी, स्मृति चिह्न तथा 25 हजार रुपये का चैक तथा श्रेष्ठता पुरस्कार के लिये एक ट्रॉफी, स्मृति चिह्न तथा 20 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार, श्रीमती अर्चना सिंह, प्रबंध निदेशक एसएलडीबी, श्री विजय शर्मा सहित पुरस्कृत सहकारी समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने संसद में युवाओं के भविष्य से जुड़ी योजना अग्निवीर पर फिर उठाई मांग,

- **कहा- सरकार तुरंत संज्ञान लेकर अग्निवीर योजना वापस ले**

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** नागौर से लोकसभा सांसद हनुमान बेनीवाल ने एक बार फिर अग्निवीर योजना का जोरदार विरोध किया है। बेनीवाल ने सोमवार 1 जुलाई को अग्निवीर योजना के विरुद्ध लोकसभा में मोर्चा खोला। नियम 377 के तहत बेनीवाल ने अग्निवीर योजना पर अपनी बात रखी। उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना को वापस लेने की मांग रखी। बेनीवाल ने कहा कि सेना में संविदा भर्ती का निर्णय किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। यह निर्णय से ना तो सेना में जाने के इच्छुक युवाओं के हित में और ना ही सेना के लिए सही है। केंद्र सरकार के इस फैसले के विरुद्ध देश के युवा आंदोलित हैं। सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। बेनीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार को देश के युवाओं के हितों का ध्यान रखना चाहिए। अग्निपथ के माध्यम से होने वाली सेना भर्ती में सेवा के चार वर्षों के बाद युवाओं का के भविष्य पर सवालिया निशान है। अग्निवीर योजना केतहत भर्ती होने वाले सैनिकों को ना तो कोई रैंक मिलेगी और ना ही प्रमोशन। पेंशन भी नहीं मिलेगी। चार साल के बाद किसी को रियाटर करके सरकार घर भेजेगी तो उस नौजवान के आगे का भविष्य कैसे सुरक्षित होगा। यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है।



### दौसा जिले में थाना मेहंदीपुर बालाजी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- **जग्गू भगवानपुरिया गैंग का बदमाश अवैध हथियारों की खेप के साथ गिरफ्तार**
- **चार अवैध पिस्टल, 6 मैगजीन एवं 18 कारतूस बरामद, पंजाब निवासी है आरोपी**

**चमकता राजस्थान। जयपुर /दौसा,(खलील कुरैशी) 01 जुलाई।** दौसा जिले की मेहंदीपुर थाना पुलिस की टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के एक बदमाश जशनप्रीत सिंह पुत्र सरदूल सिंह मजबी सिख (19) निवासी गूरू की बडाली थाना छेहरटा अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार कर हथियारों की खेप, चार अवैध पिस्टल, 6 मैगजीन एवं 18 कारतूस बरामद किये हैं।एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि आईजी रेंज अनिल कुमार टांक के निर्देश पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं सक्रिय बदमाशों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि जग्गू भगवानपुरिया गिरोह का एक बदमाश हथियारों के साथ किसी वारदात की फिराक में मेहंदीपुर बालाजी आया हुआ है।एसपी शर्मा ने बताया कि इस सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल व सीओ दीपक मीना के सुपरविजन एवं एसएचओ गौरव प्रधान के नेतृत्व में गठित एएसआई शीशराम व कांस्टेबल ओमेंद्र, जितेंद्र 401 व जितेंद्र 1111 की टीम कस्बे की ओर पहुंची, जहां हेलीपैड के रास्ते पर एक युवक हाथ में कैरी बैग लिए खड़ा दिखाई दिया।पुलिस को देख घबराकर भाग रहे युवक को घेर कर टीम ने पकड़ लिया। जिसने अपना नाम अमृतसर निवासी जशनप्रीत सिंह बताया। युवक के पास मिले कैरी बैग में रखे कपड़ों के नीचे से चार पिस्टल मैगजीन लगी हुई व दो मैगजीन अलग एवं 18 जिंदा कारतूस मिले। आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिससे अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त और उद्देश्य के संबंध में पुलिस गहनता से पूछताछ में जुटी है।



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर पलटवार किया

## राहुल गांधी का बयान "हिंदू हिंसा, झूठ और नफरत फैलाते हैं" पूरी तरह से निंदनीय और गलत, राहुल गांधी माफी मांगे : सीपी जोशी

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा हिंदुओं को हिंसक बताना शर्मनाक है। वे अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए हिंदू धर्म और हिंदुओं को बदनाम कर रहें है। इस तरह के असत्य और आधारहीन बयान देना कि ''हिंदू हिंसा, झूठ और नफरत फैलाते हैं'' पूरी तरह से निंदनीय और गलत है। यह बयान न केवल हिंदू धर्म की बुनियादी शिक्षाओं का अपमान है, बल्कि समाज में अशांति और विभाजन फैलाने का भी एक प्रयास है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा ''हिंसायाम दूयते या सा हिन्दु'' अर्थात जो अपने मन, वचन, कर्म से हिंसा से दूर रहे वह हिंदू है। मुझे गर्व है कि मैं हिंदू परिवार में जन्मा हूं, हिंदू परम्परा में बड़ा हुआ हूं। मैं हिंदू हूं, हिंसक नही। राहुल गांधी को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस का मतलब ही हिंदुओं का दमन है। जिन्हें आज तक आतंकवादियों का धर्म समझ में नहीं आया। आज उन्हें करोड़ो हिन्दू हिंसा करने वाले नजर आ रहें है। उन्होंने कहा हिंदू धर्म की जड़ें अहिंसा, सहिष्णुता, और सभी जीवों के प्रति करुणा में निहित हैं। यह धर्म सदियों से सह-अस्तित्व और विविधता को बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में, किसी व्यक्ति या समूह द्वारा इस प्रकार के झूठे और भड़काऊ बयान देने से पूरे समुदाय को दोषी ठहराना न केवल अनुचित है, बल्कि हिंदू समाज में आक्रोश पैदा करने वाला है।



# नये जिलों के पूर्णगठन को लेकर बैठक आयोजित

## जिलो के पुर्नगठन का उद्देश्य राजनीतिक ना होकर हो जनहित आधारित : उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द

**नये जिलों के पूर्णगठन के लिए गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ कमेटी को 15 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने निर्देश दिए कि नए जिलों के पूर्णगठन के लिये गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ कमेटी 15 दिवस के भीतर नए जिलों के गठन सम्बन्धित सभी व्यवहारिक बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने स्पष्ट किया कि नए जिलो के गठन का मूल उद्देश्य राजनीति से प्रेरित ना होकर जनहित आधारित होना चाहिये।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा सोमवार को शासन सचिवालय में राजस्व विभाग के साथ नए जिलों के पुर्नगठन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होने राजस्व विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि नए जिलों के पुर्नगठन की प्रक्रिया आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, भौगालिक स्थिति, जनसंख्या आदि की मोनिटरिंग के आधार पर की जाये।

इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राजस्व मंत्री हेमन्त मीना, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश सहित विभागीय अधिकारी मौजद रहें।



## 27 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को किया भंग

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस को मिले फीडबैक के आधार पर संगठन को पुनर्गठन कर मजबूत करने हेतु प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार निम्न ब्लॉक कांग्रेस एवं मंडल कांग्रेस कमेटी को भंग किया गया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ करने हेतु प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशों पर सभी जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठक प्रदेश पदाधिकारी प्रभारियों द्वारा ली गई इसमें निष्क्रिय तथा सक्रिय पदाधिकारियों का फीडबैक प्रदेश कांग्रेस द्वारा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों तथा प्रभारी पदाधिकारियों से लिया गया। प्रदेश कांग्रेस को प्राप्त फीडबैक के आधार पर संगठनात्मक पुर्नगठन हेतु प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार निम्न वर्णित ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों तथा मण्डल कांग्रेस कमेटियों को भंग करने के आदेश जारी किए है। जारी आदेशों में कोटा जिले की रामगंजमण्डी ए व रामगंजमण्डी बी, पीपल्दा ए, पीपल्दा बी, सांगोद एवं सीमलिया तथा धौलपुर जिले की बसेड़ी, सरमथुरा, झुंझुनूं जिले की खेतड़ी प्रथम एवं खेतड़ी द्वितीय, पिलानी, बाड़मेर जिले के बाड़मेर शहर, बाड़मेर ग्रामीण, अलवर जिले की राजगढ़-रैणी, कठूमर व खेड़ली, जयपुर जिले की शाहपुरा ए, शाहपुरा बी, हवामहल, चित्तौड़गढ़ जिले की कपासन ए, कपासन बी, बांसवाड़ा जिले की गढ़ी, सरेड़ी बड़ी, करौली जिले की टोडाभीम, जैसलमेर जिले की जैसलमेर, अजमेर जिले की अजमेर दक्षिण ए तथा अजमेर दक्षिण बी के ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष तथा मण्डल कार्यकारिणियों की नियुक्तियों को तुरन्त प्रभाव से समाप्त किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला पदाधिकारी प्रभारियों, जिलाध्यक्षों तथा जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं से 15 दिवस में प्रस्ताव लेकर इन ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों का पुनः गठन किया जाएगा।

## पौधारोपण कर मनाया डॉक्टर्स डे



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान एवम्‌ डायबिटीज रोशनी द्वारा निर्माण नगर के कई पार्कों में पौधारोपण किया गया,संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि डॉ सुनील ढंड के नेतृत्व में विभिन्न पार्कों में पौधारोपण कर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया। इस अवसर पर छायादार व फलों के 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया।

## रोटरी क्लब जयपुर कोहिनूर द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर कोहिनूर ने आज सुरेंद्र पब्लिक स्कूल, जय सिंह पूरा, जयपुर में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गो ग्रीन कमेटी के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कमेटी के चेयरमैन रोटेरियन सुरेंद्र अवाना ने बताया कि वह पिछले 14 सालों से प्रतिदिन एक पेड़ लगाते आ रहे हैं और अब तक लगभग 1.25 लाख पेड़ लगा चुके हैं। साथ ही, उन्होंने यह प्रण लिया कि अब से वे प्रतिदिन दो पेड़ लगाया करेंगे।




कार्यक्रम में कमेटी के अन्य सदस्य रोटेरियन प्रवीण अग्रवाल, रोटेरियन गायत्री शर्मा और रोटेरियन अग्रवाल भी उपस्थित थे।

रोटरी क्लब जयपुर कोहिनूर के अध्यक्ष सुनील द्विवेदी, सचिव रोटेरियन राम मनोहर गुप्ता, क्लब के आईपीपी डॉ. मुकेश शर्मा, एजी रामकेश मीना,पीपी डॉ. वक जैन, पीपी राम किशन शर्मा, कैलाश नारायण और रोटेरियन लखन धनजानी सहित अन्य सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929